(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

नुपुर सेनन कर...8



मंगलवार, 11 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 23 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## रैली बैन पर बोले रामगोपाल यादव- विपक्ष को मीडिया दिखाता नहीं, अखिलेश की रैलियों से घबरा गई सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। इसके साथ ही कोरोना वायरस महामारी को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग की ओर से रैलियों पर रोक लगाई गई है। इसी को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने सवाल उठाए है। रामगोपाल यादव ने साफ तौर पर कहा कि अखिलेश यादव की रैलियों में जनसैलाब को देखकर सत्तारूढ़ भाजपा घबरा गई है और यही कारण है कि सरकार के अनुकूल ही व्यवस्था हो रही है। रामगोपाल यादव ने दावा किया कि मतदाता साइकिल पहचानता है और साइकिल पर ही बटन दबाएगा। आपको बता दें कि 15 जनवरी तक चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों को रैलियों, बाइक रैली, जनसभाओं को करने पर रोक लगा रखी है। इसी को लेकर रामगोपाल यादव ने ट्वीट किया। अपने ट्वीट में रामगोपाल यादव ने लिखा, श्झंडा बैनर पोस्टर होर्डिंग कुछ नहीं लगा सकते,सभा नुक्कड़ सभा रोडशो रैली भी नहीं कर सकते। मीडिया विपक्ष को दिखा नहीं सकती तो क्या अखिलेश की जनसभाओं में उमड़ते जन सैलाब से घबड़ाकर सरकारी पार्टी के अनुकूल सब व्यवस्था की जारही है। मतदाता सायकिल पहचानता है। और सायकिल का बटन ही दबाएगा।श इससे पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा था कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को विदाई देने के लिए तैयार हैं। चुनाव की तारीखें राज्य में एक बड़े बदलाव का प्रतीक होंगी। समाजवादी पार्टी नियमों का पालन करेगी, लेकिन चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सत्तारूढ़ दल इन दिशानिर्देशों का पालन करे। ईसीने किया तारीखों का ऐलानः चुनाव आयोग ने कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुए पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के दौरान आगामी 15 जनवरी तक जनसभाओं, साइकिल एवं बाइक रैली और पदयात्राओं पर रोक लगा दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने बताया कि 15 जनवरी के बाद स्थिति का जायजा लेने के उपरांत आयोग आगे का निर्णय लेगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के लिए सात चरणों में सीटों का समान रूप से वितरण किया गया है, राज्य के भौगोलिक क्षेत्र के संदर्भ में मतदान के चरण पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेंगे।



## चुनावी ऐलान के बाद राहुल गांधी का ट्वीट, बोले– नफरत को हराने का सही मौका है

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के ऐलान हो चुके है। 2024 के आम चुनाव को लेकर इन विधानसभा चुनावों को सेमीफाइनल माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड और मणिपुर में भाजपा के सामने अपनी सरकार को बचाने की चुनौती है तो वहीं कांग्रेस से पंजाब का किला भी बचाने की कोशिश में जुटी हुई है। उत्तर प्रदेश में 7 चरणों में विधानसभा में चुनाव होंगे जबकि मणिपुर में दो चरण में चुनाव कराए जाएंगे। पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में एक ही चरण में चुनाव होंगे। इन चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच से कड़ी चुनौती है जबकि पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आमने–सामने है। इन सबके बीच राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में नफरत को हराने का सही मौका है। उन्होंने 'इलेक्शन 2022' हैशटैग के साथ ट्वीट किया, ''नफरत को हराने का सही मौकध है।'' उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने गत शनिवार को पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रमों की घोषणा की। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के तहत 10 फरवरी से लेकर सात मार्च तक सात चरणों में मतदान होगा, वहीं उत्तराखंड, पंजाब और गोवा में एक ही चरण में 14 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मणिपुर में दो चरणों में 27 फरवरी और तीन मार्च को मतदान होगा। इन पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को होगी। इससे पहले कांग्रेस ने यह कहा कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लिए सभी के लिए समान अवसर की स्थिति सुनिश्चित करना चाहिए तथा आने वाले दिनों में नुक्कड़ सभाओं की अनुमति प्रदान करनी चाहिए।



चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया कि 10 मार्च को उप्र के नौजवानों, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों, व्यापारियों एवं आमजनों की जीत का मार्च होगा। इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी नौजवानों, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों, व्यापारियों एवं आमजनों के हकों की लड़ाई लड़ेगी। लड़ेगा बढ़ेगा जीतेगा यूपी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित, खुद को किया आइसोलेट

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने ट्वीट कर जानकारी दी है। अपने ट्वीट में रक्षा मंत्री ने कहा कि हल्के लक्षण के साथ मेरा रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मैं होम क्वारंटाइन में हूं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि मैं सभी को अनुरोध करता हूं कि जो भी हाल में ही मेरे संपर्क में आए हैं खुद को आइसोलेट कर लें और अपना परीक्षण तुरंत करवा लें। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस के 1,79,723 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 3,57,07,727 पर पहुंच गयी है, जिनमें से अभी तक 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से आए ओमीक्रोन स्वरूप के 4,033 मामले भी शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 7,23,619 हो गयी है जो करीब 204 दिनों में सबसे अधिक संख्या है जबकि 146 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 4,83,936 हो गयी है।



## प्रदेश के सभी सरकारी व निजी कार्यालयों में एक समय में 50 प्रतिशत लोगों की उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाएः सीएम योगी

लखनऊ। यूपी में बढ़ते कोरोना के बीच सीएम योगी ने आधिकारियों से कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी व निजी कार्यालयों में एक समय में 50 प्रतिशत लोगों की उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए। इसके ही प्राइवेट क्षेत्र के कार्यालयों में काम करने वाला कोई कर्मचारी यदि कोविड पॉजिटिव होता है तो उसे भी न्यूनतम 07 दिनों का वेतन सहित अवकाश दिया जाए। सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना अनिवार्य रूप से हो। बिना स्क्रीनिंग किसी को प्रवेश न दें। सीएम योगी ने कहा कि लोगों के इकठ्ठा होने से बचें। वर्क फ्रॉम होमश को बढ़ावा दें। कोविड से बचाव के लिए वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। आज से सभी कोरोना वॉरियर्स, हेल्थकेयर व फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से ऊपर की आयु के को–मॉर्बीडिटी वाले नागरिकों को प्री–कॉशन डोज दी जा रही है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप हर पात्र व्यक्ति को प्री–कॉशन डोज जरूर दी जाए। पुलिस बल के हर सदस्य को प्री–कॉशन डोज दी जाए। कामकाज में असुविधा न हो, इसके लिए श्वर्क फ्रॉम होमश को बढ़ावा देने की जरूरत बताते हुए उन्होंने कार्यालयों में रोटेशन प्रणाली लागू करने के भी निर्देश दिए। राज्य सरकार के नए कोविड गाइडलाइन के मुताबिक निजी क्षेत्र के कार्यालयों में सेवारत कोई कर्मचारी यदि कोविड पॉजिटिव होता है तो उसे भी न्यूनतम 7 दिनों का वेतन सहित अवकाश दिया जाएगा।



बैठक में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, अमित मोहन प्रसाद ने मुख्यमंत्री को बताया कि बीते 24 घंटों में 2 लाख 1 हजार 465 सैम्पल की जांच में कुल 8334 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 335 लोग कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 33,946 है। इनमें 33,563 लोग होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। कोविड से बचाव के इंतजाम, शीतलहर और ओलावृष्टि की स्थिति में जिलों की व्यवस्थाओं की पड़ताल के लिए नोडल अधिकारी अपने जिलों में तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रवास के दौरान यह नोडल अधिकारी जिलों में कोविड ट्रेसिंग, टेस्टिंग, टीकाकरण, अस्पतालों की व्यवस्था, गौशालाओं के प्रबंधन, रैन बसेरों के इंतजाम आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराएं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जनपदों में इंटीग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को 24□7 एक्टिव रखा जाए। पूर्व की भांति वहां नियमित बैठकें आयोजित की जाएं। आईसीसीसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल मौजूद रहे। लोगों को टेलीकन्सल्टेशन की सुविधा दी जाए।

## मुंबई एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा, प्लेन को खींचने वाली गाड़ी में लगी आग

मुंबई एयरपोर्ट से बड़ी खबर



आ रही है। मुंबई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टल गया है। बताया जा रहा है कि एयरपोर्ट पर प्लेन को खींचने वाली गाड़ी में आग लग गई। हालांकि, पास में खड़े विमान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। खबर के मुताबिक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। हालांकि यह आग कैसे लगी, इस बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जानकारी के मुताबिक जिस विमान के पास ट्रॉली में आग लगी, वह एयर इंडिया का विमान था जिसमें करीब 85 यात्री सवार थे। विमान मुंबई से जामनगर जा रहा था।

## देश में पिछले 24 घंटे में 1,79,723 नए मामले

नयी दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस के 1,79,723 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 3,57,07,727 पर पहुंच गयी है, जिनमें से अभी तक 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से आए ओमीक्रोन स्वरूप के 4,033 मामले भी शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 7,23,619 हो गयी है जो करीब 204 दिनों में सबसे अधिक संख्या है जबकि 146 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 4,83,936 हो गयी है। आंकड़ों के अनुसार, ओमीक्रोन के 4,033 मरीजों में से 1,552 स्वस्थ हो गए हैं या देश छोड़कर चले गए हैं। महाराष्ट्र में ओमीक्रोन के सबसे अधिक 1,216 मामले आए। इसके बाद राजस्थान में 529, दिल्ली में 513, कर्नाटक में 441, केरल में 333 और गुजरात में 236 मामले आए। देश में एक दिन में संक्रमण के कुल 1,79,723 नए मामले आए, जो 227 दिनों में सबसे अधिक हैं। पिछले साल 27 मई को 1,86,364 नए मामले आए थे। मंत्रालय ने बताया कि कोविड–19 का उपचार करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 7,23,619 हो गयी है जो संक्रमण के कुल मामलों का 2.03 प्रतिशत है, जबकि कोविड–19 से स्वस्थ होने वाले मरीजों की दर कम होकर 96.62 प्रतिशत हो गयी है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या में पिछले 24 घंटों में 1,33,008 मामलों की वृद्धि हुई है। संक्रमण की दैनिक दर 13.29 प्रतिशत दर्ज की गयी है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 7.92 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या 3,45,00,172 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.36 प्रतिशत है। अभी तक देशव्यापी कोविड–19 रोधी अभियान के तहत 151.94 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है। देश में सात अगस्त 2019 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2019 को 30 लाख और पांच सितंबर 2019 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2019 को 50 लाख, 28 सितंबर 2019 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2019 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2019 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2019 को ये मामले एक करोड़ के पार, पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2020 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। मंत्रालय के अनुसार, देश में जिन 146 मरीजों की मौत हुई है उनमें से 44 की केरल, 18 की पश्चिम बंगाल और 17 लोगों की मौत दिल्ली में हुई। देश में इस महामारी से अब तक 4,83,936 लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें से 1,41,639 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, 49,591 की केरल, 38,370 की कर्नाटक, 36,855 की तमिलनाडु, 25,160 की दिल्ली, 22,928 की उत्तर प्रदेश और 19,901 लोगों की मौत पश्चिम बंगाल में हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।



## मुंबई के घाटकोपर इलाके में गैस रिसाव, एक की मौतय दो अन्य घायल

मुंबई। मुंबई के घाटकोपर इलाके में सोमवार की सुबह गैस के रिसाव से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगरपालिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना नारायण नगर के कुर्ला इंडस्ट्रियल एस्टेट में सुबह करीब 8.15 बजे हुई जब वहां मेथनॉल और सायन्यूरिक क्लोराइड का रिसाव हो गया। अधिकारी ने बताया कि तीन लोगों को पास के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उनमें से एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रामनिवास सरोज (36) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि दो अन्य लोगों ... रुबिन सोलकर (36) और सर्वेश सोनवणे (25) का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि गैस रिसाव के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।






## देश में कोरोना के खिलाफ बूस्टर डोज की शुरुआत, फ्रंटलाइन वर्कर और वरिष्ठ नागरिकों को होगा लाभ

नई दिल्ली। देश में कोरोनावायरस के बढ़ते मामलों के बीच आज से बूस्टर डोज की शुरुआत हो गई है। देश के विभिन्न वैक्सीन सेंटर पर बूस्टर डोज लगाई जा रही है। बूस्टर डोज उन लोगों को लगाई जा रही है जिन्हें वैक्सीन की दो खुराक पहले ही दी जा चुकी है। इसके साथ ही अगर आपने कोविशील्ड वैक्सीन की दोनों डोज ली है तो बूस्टर भी कोविशील्ड ही लग रही है। जानकारी के मुताबिक कोरोना की सेकंड डोज और बूस्टर डोज के बीच कम से कम 9 महीने का अंतराल होना चाहिए। बूस्टर डोज के लिए कोविन पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक निजी और सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण सबसे पहले किया जाएगा। इसके साथ ही जिन लोगों की उम्र 60 साल से अधिक है और वह दूसरे बीमारियों से भी ग्रसित है तो बिना किसी रजिस्ट्रेशन या सर्टिफिकेट के भी वैक्सीन लग जाएगी। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जरूर कहा है कि तीसरी डोज लेने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूरी ली जाए। अगर आपने बूस्टर डोज लगवा ली है तो आपको हमेशा की तरह एक सर्टिफिकेट भी मिलेगा जो कि आपके रजिस्ट्रेशन मोबाइल नंबर पर आ जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड–19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के चलते तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के मामलों को देखते हुए देश में महामारी की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और जिलों में पर्याप्त स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा तैयार करने और किशोरों के टीकाकरण अभियान को मिशन मोड के आधार पर बढ़ावा देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कोराना वायरस के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए जांच और टीकों के अलावा 'जीनोम सिक्वेंसिंग' सहित अन्य संबंधित मामलों के शोध की आवश्यकता पर बल दिया।



# जनपद में विधानसभा निर्वाचन –2022 हेतु विस्तृत कार्यक्रम जारी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने अर्हता व नियमों के बारे में दी जानकारी

गोण्डा।जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जनपद गोण्डा में अवस्थित विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः 295–मेहनौन, 296–सदर, 297–कटरा बाजार, 298–कर्नलगंज, 299–तरबगंज, 300–मनकापुर(अ0जा0) एवं 301–गौरा हेतु विधानसभा निर्वाचन–2022 के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

उन्होंने बताया निर्वाचन आयोग जारी कार्यक्रम के अनुसार 01 फरवरी 2022 दिन मंगलवार को निर्वाचन की अधिसूचना, नाम निर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2022 दिन मंगलवार, नाम निर्देशनों की जांच हेतु 09 फरवरी 2022 दिन बुधवार, नाम वापसी की अन्तिम तिथि 11 फरवरी 2022 दिन शुक्रवार, मतदान की तिथि 27 फरवरी 2022 दिन , मतगणना की तिथि 10 मार्च 2022 दिन बृहस्पतिवार तथा 12 मार्च 2022 दिन पूर्व निर्वाचन कार्य पूर्ण करा लेने की तिथियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने विभिन्न निर्देशों अर्हताओं के बारे में बताते हुए स्पष्ट किया कि उल्लिखित कार्यक्रम के अनुसार 01 फरवरी 2022 को सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन आफिसर द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना निर्देशानुसार जारी की जायेगी। नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी की आयु कम से कम 25 वर्ष की आयु होनी चाहिए। सामान्य जाति के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन शुल्क रूपये 10,000–00 (रूपये दस हजार) मात्र तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रूपये 5,000–00 (रुपये पांच हजार) मात्र की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। यह धनराशि ट्रेजरी चालान के माध्यम से सरकारी कोष में जमा करके अथवा समयाभाव के कारण नामांकन पत्र के साथ नकद जमा की जा सकती है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा–38(2) के अनुसार विधानसभा निर्वाचन हेतु चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निम्न श्रेणी में रखा गया है जिसके अनुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी(मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलो से भिन्न) तथा अन्य अभ्यर्थी होंगे। उपरोक्त क्रम में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम वर्णमालानुक्रम में रखें जाएंगे। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय दल का अभ्यर्थी है, तो एक प्रस्थापक रहेगा और यदि अमान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत दल का अभ्यर्थी है या निर्दलीय अभ्यर्थी है तो 10 प्रस्थापक रहेंगे। प्रस्थापक सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के संदर्भ में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत उपबन्ध 08 जनवरी 2022 से जनपद गोण्डा में लागू हो गए हैं।

## प्रिन्टिंग प्रेस संचालकों को आयोग के निर्देशों का कड़ाई से करना होगा पालन, वरना होगी कठोर कार्यवाहीः जिला निर्वाचन अधिकारी

गोण्डा।विधानसभा निर्वाचन –2022 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कण्डेय शाही ने जनपद के सभी मुद्रणालयों (प्रिन्टिंग प्रेस) को आयोग की गाइड लाइन के अनुसार सख्त निर्देश जारी कर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि धारा–127(क) में निहित प्राविधानो के अनुसार किसी भी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित मुद्रित सभी सामग्रियों पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। इसी प्रकार प्रिटिंग प्रेसों द्वारा धारा 127क(2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिन अन्दर प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन–तीन प्रतियां निर्वाचन कार्यालय को भेजनी होंगी तथा इस सम्बन्ध में प्रकाशक द्वारा घोषणा पत्र भी भरा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने वाले प्रिन्टिंग प्रेसों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के उपबन्धों के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो। कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण नहीं करेगा या मुद्रित नहीं करवाएगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हों द्वारा सत्यापित न हो तथा जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट में मुद्रक को न दिया जाए तथा जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति न भेजी जाए। इस भाग के प्रयोजनार्थ हाथ से लिखी गई प्रतियों के अलावा दस्तावेज की प्रतियों की संख्या बढ़ाने के लिए किसी प्रक्रिया को मुद्रण समझा जाएगा।

## गोण्डा में दो और ओवर फ्लाई का निर्माण सात जनवरी से हुआ शुरू,सांसद गोण्डा के प्रस्ताव पर हुआ स्वीकृत

गोण्डा मुख्यालय पर आने के लिये लखनऊ गोरखपुर,गोण्डा बहराइच,गोण्डा बलरामपुर रेल लाइन के क्रासिंग पर क्रासिंग बन्द होने पर घन्टो जाम का झाम रहता था लेकिन अब तीन क्रासिंग पर ओवर फ्लाई का निर्माण हो रहा है जिसमे मिश्रौलिया रेलवे क्रासिंग पर 75 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। गोंडा जिला मार्ग पर गोंडा बाराबंकी रेल सेक्शन के लेविल क्रॉसिंग संख्या 263 पर 2 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति के उपरांत उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की सेतु निर्माण इकाई गोंडा द्वारा सात जनवरी से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है सेतु की लंबाई 684 मीटर एवं लागत 2784.86 लाख रुपए हैं। यह ओवर फ्लाई महादेवा क्रासिंग पर निर्मित हो रहा है। वहीं दूसरा ओवर फ्लाई गोंडा उतरौला डुमरियागंज मार्ग पर गोरखपुर कैंट गोंडा रेल सेक्शन के किलोमीटर 654ध्5–6 बरुआ चक गोंडा रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे क्रॉसिंग से संख्या 257 सोनी गुमटी पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु शासन से स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के सेतु निर्माण इकाई गोंडा द्वारा 7जनवरी 22 से प्रारंभ कर दिया गया है सेतु की लंबाई 815 मीटर एवं लागत 7883.31 लाख है।

## आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में डीएम व एसएसपी ने की प्रेस–वार्ता

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस–वार्ता के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन की द्योषणा के साथ जनपद में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई के साथ अनुपालन कराने के लिए जिला प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिये गये हैं। सम्पूर्ण जनपद में शासकीय व सार्वजनिक सम्पत्तियों से दीवार लेखन, पोस्टर, होर्डिंग्स इत्यादि को हटवाने की कार्यवाही युद्ध स्तर पर की जा रही है।

इसके साथ ही मादक पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण एवं बिक्री तथा भण्डारण पर प्रभावी अंकुश के लिए बड़े प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। आयोग द्वारा 15 जनवरी 2022 तक रैली, जनसभा, नुक्कड़ सभाओं, विजय जुलूस, पदयात्रा, बाईक व साइकिल रैलियों पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। निर्वाचन पैम्फलेटों, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पैम्फलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं करेगा अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवायेगा जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता न लिखा हो।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिताध निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए तीन–तीन स्टैटिक सर्विलांस टीमों का गठन किया गया है। जनपद में गठित की गयीं सभी एस.एस. टीमें अधिसूचना के दिनांक से अपने–अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो जायेंगी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए गठित टीमों पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगी।

सभी एस.एस. टीमें व्यय संवेदनशील बस्तियों में चेक पोस्ट स्थापित कर अपने क्षेत्र में अवैध शराब, रिश्वत की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला–बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेंगी। सभी टीमों को निर्देश दिया गया है कि जांच के लिए की जाने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करायी जाय।

पत्रकार वार्ता के दौरान मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि आयोग की मंशानुसार स्वतन्त्र, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है तथा व्यापक स्तर पर निरोधात्मक कार्रवाई की गयी है। शरारती एवं आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। जिले में अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण एवं संचरण पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी व एस.एस.पी. ने मीडिया बन्धुओं से अपील की कि स्वयं का भी डबल डोज टीकाकरण कराने के साथ–साथ आमजन तथा विशेषकर 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर–किशोरियों का शत–प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने में सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के महेश कुमार कैथल, नानपारा के अजित परेश, महसी के रामदास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आदर्श समाज सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

बहराइच।सामाजिक संगठन आदर्श समाज सेवा समिति की एक बैठक आज संगठन के महामंत्री जगराम वर्मा के रूपईडीहा स्थित प्रतिष्ठान आदर्श आयुर्वेदिक औषधालय पर आयोजित हुई।इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा ने किया वही। संचालन महामंत्री जगराम वर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कोरोना का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सभी लोग शासन द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइन का पालन करें साथ ही कोई ऐसा कार्य न करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। श्री मिश्रा ने सभी से शत प्रतिशत कोरोना टीका लगवाने की भी अपील की। महामंत्री जगराम वर्मा ने कहा कि समिति मात्र सामाजिक सरोकारों से जुड़कर कार्य करती है। उन्होंने सभी से एकजुटता के साथ समाज हितों में कार्य करने का आव्हान किया। बैठक के पश्चात सभी को संगठन का नववर्ष का कैलेंडर वितरित कर नववर्ष की बधाई दी गई। इस अवसर पर भीमसेन मिश्रा, प्रमोद कुमार, रामू प्रसाद, देवकुमार वर्मा, अरुणेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रताप वर्मा, अजय वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अवध विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों में पठन–पाठन का काय हुआ बन्द

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों को 10 जनवरी से 16 जनवरी तक भौतिक रूप से बन्द कर दिया है। इस अवधि में पठन–पाठन का कार्य ऑनलाइन संचालित होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत उच्च शिक्षण संस्थानों को संचालित किए जाने के दिए गए दिशा–निर्देश के क्रम में विशेष सर्तकर्ता बरतने का निर्देश प्रदान किया गया है। इसी क्रम में कुलपति के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय 10 जनवरी से 16 जनवरी, 2022 तक भौतिक रूप से बन्द रहेंगे। पठन–पाठन का कार्य ऑनलाइन संचालित होता रहेगा। इस अवधि में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं संचालित होती रहेगी।

## कायस्थ समाज के लोगों ने ग्रहण की सपा की सदस्यता ग्रहण

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर पूर्व मंत्री बार एसोसिएशन फैजाबाद के आलोक खरे व पूर्व उपमंत्री साकेत महाविद्यालय बिमलेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगो ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने पार्टी का झंडा सौंपकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई, कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मिसम ने किया। इस मौके पूर्व मंत्री ने कहा कि आज कायस्थ समाज के जिम्मेदार साथियों ने पार्टी की सदस्यता लेकर पार्टी को मजबूत किया है, कायस्थ समाज का देश के विकास और देश की साझा संस्कृति बनाये रखने में विशेष योगदान रहा है।महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आज के मौजूदा हालात में बेरोजगारी, महँगाई से त्रस्त होकर मध्यमवर्गीय समाज का रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ बढ़ा है, महानगर अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगो का माला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वालो में जितेन्द्र श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव,आनंद श्रीवास्तव,परविंदर श्रीवास्तव, अशवनी श्रीवास्तव, शिखर श्रीवास्तव,जय प्रकाश भारती प्रधान, रोहित, धीरज,दिनेश ,सचिन कुमार,अनिल सोनकर,मो फकीब, हयात हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि इस मौके पर पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू,महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव,मंसूर इलाही,विधानसभा प्रभारी मनोज जयसवाल,के पी सिंह,अखिलेश पांडे, योगेश श्रीवास्तव, मनीष सक्सेना,अर्जुन यादव सोमू,अर्जुन यादव, सुरेंद्र यादव प्रधान, शाहबाज लकी, अंसार अहमद बब्बन, मकसूद भोलू, मौजूद थे ।

# महान दार्शनिक व पराक्रमी योद्धा थे गुरु गोविंद सिंहः नवदीप रिनवा

## भजन–कीर्तन के साथ मनाया गया प्रकाश उत्सव

अयोध्या। राम नगरी में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव की छटा बिखरी खिड़की अली बेग स्थित गुरुद्वारा दुखनिवारण में भजन–कीर्तन के साथ प्रकाश उत्सव मनाया गया हरियाणा से आए बाबा अमरजीत सिंह भोला भाई सुरेंद्र सिंह खालसा एवं साथी सिख संगत के लोगों के रागी जत्थे ने शबद कीर्तन और भजन प्रस्तुत कर भक्ति भाव का संचार किया गुरुबानी सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। गुरुद्वारा दुखनिवारण से श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारा दुख निवारण में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके बाद गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया व पंज प्यारे की अगुवाई में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया नवागत मंडलायुक्त आईएएस अधिकारी नवदीप रिनवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदरणीय माताओं और बहनों और प्रिय भाइयों आज हम खालसा पंथ के संस्थापक दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 355 वे प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धा पूर्वक सत्कार अर्पित करने खिड़की अली बेग स्थित गुरुद्वारा दुखनिवारण में एकत्रित हुए हैं श्री गुरु गोविंद सिंह जी एक महान दार्शनिक प्रख्यात कवि और पराक्रमी योद्धा थे उनके परिवार की तीन पीढ़ियों ने इस राष्ट्र और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी पहले उनके पिता गुरु श्री तेग बहादुर सिंह जी ने कश्मीरी पंडितों की धर्म रक्षा में अपना जीवन बलिदान किया उसके बाद गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया । साहिबजादा अजीत सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में वीरगति पाई और साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने अपना धर्म परिवर्तन करने की बजाय सरहिंद में जीवित दीवार में चुना स्वीकार किया अंत में गुरु गोविंद सिंह जी ने नांदेड़ महाराष्ट्र में अपनी अंतिम सांस ली थी गुरु गोविंद सिंह जी ने देश के विभिन्न हिस्सों से अलग–अलग जाति के पांच व्यक्तियों को चुनकर जिस प्रकार उनको अमृत छका कर पंज प्यारा बनाया उससे जाति पाति से ऊपर उठकर समाज को संगठित करने की उनकी सोच के बारे में पता चलता है अपने पुत्रों के वीरगति प्राप्त होने पर उन्होंने कहा था इन पुत्रन के शीश पर वार दिए सुत चार । 4 मुए तो क्या हुआ जीवित कई हजार । श्री गुरु गोविंद सिंह ने खालसा वाणी ' वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी की फतेह' स्थापित की श्री गुरु गोविंद सिंह ने कहा' देहि शिवा वर मोहे शुभ कर्मन ते कबहु न टरूं' यानी हम अच्छे कर्मों से कभी पीछे न हटे परिणाम भरे ही चाहे जो भी हो आज जरूरत है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर हम सभी राष्ट्र समाज में भाईचारे को मजबूत करें आइए उनकी जयंती पर हम सब यह प्रेरणा लेकर आगे बढ़े ।इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के राजेंद्र सिंह छाबड़ा, प्रति पाल सिंह, अमनदीप सिंह,मंडलायुक्त नवागत मंडलायुक्त आईएएस अधिकारी नवदीप रिनवा, एसएसपी शैलेश पांडे, एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर, राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व सांसद निर्मल खत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, विधायक शोभा सिंह चौहान, विधायक गोरखनाथ बाबा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, भाजपा नेता सुनील शास्त्री, समाजसेवी विकास श्रीवास्तव, पार्षद जगन नारायण यादव, पार्षद प्रतिनिधि अभय श्रीवास्तव, शैलेंद्र अवस्थी, संतोष सिंह, विपणन अधिकारी सत्येंद्र सिंह, पूर्व मंत्री श्री नारायण पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## घटतौली और राशन न देने की राशनकार्ड धारकों ने की शिकायत

बहराइच।स्थानीय तप्पेसिपाह के राशनकार्ड धारकों ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर कोटेदार पर राशन न देने, घटतौली करने, प्रति राशन कार्ड पांच राशन कम देन और अधिक दाम वसूलने का आरोप लगाया है।इस शिकायत पर अधिकारियों ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जरवल विकास खण्ड के तप्पेसिपाह ग्राम पंचायत के रिंकू, श्याम सिंह,बासुदेव वर्मा, शान्ती देवी,अनिल कुमार, शिव कुमार वर्मा,तिलकराम, विष्णु कुमार,सूर्यलाल,अयोध्या प्रसाद,पारसनाथ समेत दो दर्जन राशनकार्ड धारकों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि तप्पेसिपाह के कोटेदार राज कुमार जयसवाल सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान निर्धारित समय से नही खोलते है। पहले अंगूठा लगवा लेते है और कई दिन दौडाने के बाद कहते है कि अगले महीने राशन मिलेगा,खत्म हो गया है। पूंछने पर अनाप शनाप बाते करते हुए कार्ड धारकों से उलझ जाते है। राशनकार्ड धारकों का यह भी आरोप है कि प्रति राशन कार्ड पांच किलो राशन कम देते है, पूंछने पर मारपीट गाली गलौज पर उतारू हो जाते है। इस सम्बन्ध में पूर्ति निरीक्षक जरवल संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिली है, जांच की जा रही है। शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम ने किया एकीकृत कोविड कमाण्ड सेन्टर का निरीक्षण

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड सेन्टर का निरीक्षण कर यहॉ से संचालित गतिविधियों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने प्रभारी चिकित्साधिकारियों के जूम मीटिंग करते हुए कोविड टीकाकरण विशेषकर 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के टीकाकरण की प्रगति इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए होर्डिंग्स, बैनर व पोस्टर आदि को हटाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, ए.सी.एम.ओ. डॉ. अजीत चन्द्रा, डॉ. योगिता जैन, डॉ. अनिल कुमार व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# चाणक्य परिषद का 28वां स्थापना दिवस 14 को

'अयोध्या। आगामी 14 जनवरी को चाणक्य परिषद के स्थापना दिवस की एक तैयारी बैठक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेश कांत पांडे जी की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष पौराणिक स्थल सूर्य कुंड दर्शन नगर के प्रांगण में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर यह 28 वां स्थापना दिवस समारोह होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ पांडे ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में देश प्रदेश के कोने–कोने से लगभग 10,000 प्रबुद्ध वर्ग प्रतिभाग करेंगे। जिसमें राष्ट्र समाज और मानवीय दृष्टिकोण पर चर्चा परिचर्चा के साथ विप्र समाज उत्थान की बातें प्रमुखता से रखी जाएंगी। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले 11 विप्र जनों को भी चाणक प्रदेश कार्यकारिणी सम्मानित करेगी।

सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम शास्त्री ने ब्राह्मण समाज को इस दौरान समाज हित में संस्कारों के साथ पूरे जनपद में एक जन यात्रा से जागरुक करने का कार्य टीम भावना के साथ किया गया। बैठक का संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अमरनाथ तिवारी मानस, ईश्वर दत्त मिश्र राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, श्री जयप्रकाश तिवारी,प्रदेश कोषाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र, राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेंद्र तिवारी, बंगाली दुबे, डॉ. पी. यन. तिवारी, धर्मेंद्र कुमार पांडे, जिला अध्यक्ष राकेश पाठक, राम प्रकाश शर्मा, संदीप मिश्र ,अमित त्रिपाठी, भास्कर दत्त तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आचार संहिता लागू होते ही अधिकारियो की मौजूदगी में उतारे गए होर्डिंग, बैनर व पोस्टर

बहराइच। चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लागू किए जाते ही जिलाधिकारी बहराइच डॉ0 दिनेश चंद्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी की उपस्थिति में शहर के विभिन्न चौक, चौराहों पर राजनीकि पार्टियों के लगे होर्डिग, बैनर व पोस्टरों को उतरवाया गया। डीएम चौराहा, महसी बस स्टैण्ड, पानी टंकी चौराहा, डिगिहा चौराहा, छावनी चौराहा, घण्टाघर सहित अन्य स्थानों पर लगे बैनर, पोस्टर व होर्डिग को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में उतरवाया गया। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शहर क्षेत्र का भ्रमण कर मातहतों को आचार संहिता का सख्ती से पालन कराये जाने के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम मनोज कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति राय, एसडीएम सदर सौरभ गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी, पीआरओ0 पुलिस अधीक्षक शशी कुमार राणा तथा सम्बन्धित थानों के थाना प्रभारी व नगरपालिका ईओ मौजूद रहे।

# व्यापारी पुत्र पर हुए हमले का खुलासा, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

## शुरू से रहा सर्राफा व्यापारी पुत्र का मामला संदिग्ध





राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विगत दिनों जनपद मुख्यालय के स्वर्ण व्यवसाई के पुत्र के ऊपर हमला करने के आरोप में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सर्राफा व्यापारी के पुत्र राजन को अभियुक्तों ने तेज गति से रोड पर गाड़ी कट मारने की बात को लेकर बहस हो गई थी जिसमें अभियुक्तों ने राजन पर पेचकस से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, मामले को बढ़ता देख कर भाग गए थे पुलिस और जनपद की एसओजी टीम लगातार अभियुक्तों की तलाश कर रही थी जिसे अब जाकर गिरफ्तार कर पाई है पकड़े गए आरोपी पैसे लेकर अपरहण एंव मारपीट की घटनाओं को अंजाम देते थे इन्हीं में मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में अपराहण की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें नेपाल के रहने वाले प्रकाश यादव ने अभियुक्तों को ধ30000 देकर विमलेश पुत्र लाल बच्चन निवासी ग्राम रतनपुर थाना मिश्रौलिया को अपरहण करने के लिए फिरौती दिया गया था फिरौती पाने के बाद अभियुक्तों ने मधवापुर कला से विमलेश को और बस्ती हाईवे पर मार्ग पर सुनसान जगह पर मारपीट कर फेंक दिए थे जिसको लेकर काफी हंगामा भी मचाया था। पुलिस की इस गिरफ्तारी पर जहां पुलिस काफी खुश दिखाई दे रही है तो वही दूसरे वर्ग इस गिरफ्तारी से खुश नहीं है।

### सर्राफा व्यापारी पुत्र का मामला रहा संदिग्ध

*सदर मुख्यालय के सर्राफा व्यापारी के पुत्र राजन के ऊपर पेचकस से हुए हमले पर जनपद में अलग-अलग चर्चाएं व्याप्त है यह हमला संदिग्ध माना गया था जिसका खुलासा इस तरीके से होगा लोगों को विश्वास नहीं था,यदि मामला मारपीट का था तो पुलिस को इन्हे पकडने में इतने दिन लगे समझ से परे है वह भी अरोपी जब बगल के वार्ड से हो,कही न कही मामला शुरू से ही संदिग्ध नजर आता रहा है। खैर पुलिस ने मामले को बंद कर सभी को राहत दे दिया है।*

### अपहरण के बाद सुनसान रास्ते पर छोड़ना समझ से परे

*पकड़ गये अभियुक्तों ने बताया कि प्रकाश यादव जो बुद्ध नगर नेपाल का निवासी था है उसने ধ30000 देकर विमलेश पुत्र लाल बचन को अपराहण करने के लिए कहा गया था लेकिन मामला यहां भी संदिग्ध नजर आ रहा है जब उन्हें अपराहण करना था तो उन्होंने मारपीट कर उसे बस्ती हाईवे पर सुनसान जगह पर क्यों छोड़ा यह अभी रहस्य बना हुआ है मामला जो भी हो, लेकिनएसओजी टीम एवं थाना सिद्धार्थनगर के सभी पुलिस अधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई ,बढ़ रहे मामले को उन्होंने शांत किया।*

# महाविद्यालय के जमीन पर अबैध कब्जा करने की शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। सोमवार को राजकीय महाविद्यालय चौखड़ा के जमीन पर अज्ञात लोगों के खिलाफ गलत तरीके से कब्जा करने तथा मैदान में लगे पेड़ो को काट कर उठा ले जाने



की शिकायत महाविद्यालय के प्राचार्य ने एसडीएम डुमरियागंज से

- **डुमरियागंज एसडीम ने जांच कर खाली कराया जमीन**
- **भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के राजकीय महाविधालय चौखड़ा का मामला**

करते हुए कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी।शिकायत पर महाविद्यालय पंहुचे एसडीएम डुमरियागंज प्रमोद कुमार ने गाटा संख्या 1074 जो 1.175 हेक्टयर राजकीय महाविद्यालय चौखड़ा के नाम दर्ज है।जिसपर शंकर, नेवास, बिट्टा, झगरू, परशुराम, मोतीराम आदि करीब एक दर्जन से अधिक लोगों के द्वारा कब्जा कर फील्ड में लगे पेड़ो को काट कर उठ ले गए थे। उक्त लोगो के द्वारा महाविद्यालय के जमीन पर किए थे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज प्रमोद कुमार ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय चौखड़ा के जमीन पर अबैध कब्जा को मुक्त कराते हुए कब्जे दारों के खिलाफ 107/116/151 की कार्रवाई की गयी है।

# बच्चों के वैक्सिनेशन की समय सीमा बढ़ाये-शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। प्रदेश के स्कूलों में 15 से 18 वर्ष के बच्चों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए दस जनवरी तक विद्यालयों में स्वास्थ्य टीम द्वारा कैम्प लगाकर टीकाकरण करने का निर्देश प्रशासन ने जारी किया था। वह समय सीमा सोमवार की समय हो रहा है जबकि अभी तक पचास प्रतिशत बच्चों को ही टीकाकरण हुआ है। प्रशासन टीकाकरण की समय सीमा बढ़ाकर स्कूलों में शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। यह बातें विधान परिषद में शिक्षक दल के मुख्य सचेतक शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में कही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचने के लिए कोविड सावधानी व टीकाकरण ही हथियार है। स्कूलों में कोविड टीकाकरण अभियान चला है लेकिन उसमें अवकाश व ठंढ के कारण अधिकांश बच्चे अभी भी टीकाकरण से वंचित रह गए है। करीब 50 प्रतिशत बच्चों का ही टीकाकरण हुआ है। इसकारण अभी नौनिहालों का जीवन असुरक्षित है। प्रशासन एक एक बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करें जिससे देश के भविष्य बच्चे सुरक्षित रहें।

# हिंदी है आत्मीयता का भाषा जे.के.जायसवाल

## सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है हिन्दी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। विश्व हिंदी दिवस पर सोमवार को बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर में आनलाइन कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के निदेशक जे.के. जायसवाल ने गूगल मीट पर उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिंदी भारत ही नहीं, विश्व में कई देशों में बोली जाने वाली भाषा है। दुनिया में बोली जाने वाली भाषा में हिंदी का तीसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि हिंदी हिन्दुस्तान की सिर्फ राष्ट्र भाषा ही नहीं, बल्की हिन्दुस्तानियों की पहचान भी है। हमें राष्ट्र भाषा हिंदी को कभी नहीं भूलना चाहिए। अपनी राष्ट्र भाषा के विकास में सतत प्रयास करना चाहिए।




हिंदी आत्मीयता की भाषा है। सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है हिन्दी। सोशल मीडिया के इस जमाने में हिंदी का प्रसार और तेजी से हुआ है। हिंदी ही एक मात्र ऐसी भाषा है जो सबसे ज्यादा सरल मानी जाती है और सीखने में मुश्किल नहीं होती। भाषा किसी भी देश की पहचान और गौरव होती है।

हिंदी हिंदुस्तान को बांधती है। किसी के प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट करना हो तो हिंदी सबसे अधिक आत्मीय माध्यम है। हिंदी शब्दों को नहीं, भावनाओं के साथ आपके संदेश को दूसरों तक पहुंचाती है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम आम बोलचाल की भाषा में हिंदी का प्रयोग करें और इस पर गर्व करें। इस अवसर पर चंदमति यादव, वर्षा श्रीवास्तव, कुसुम, सुमन आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जाति धर्म पर टिप्पडी करने पर होगी कार्यवाहीः एएसपी सुरेश चंद्र रावत



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में विधानसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु किसी धर्म जाति संप्रदाय या वर्ग के व्यक्तियों को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्यओं की स्क्रीनिंग करके वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाने हेतु जनपद में कुल छह स्क्रीनिंग कमिटीओं का गठन किया गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के संयुक्त आदेश से तहसील स्तर पर एसडीएम व सीओ तथा जनपद स्तर पर अपर पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी ऐसे वक्तव्य के संबंध में पूर्ण छानबीन करके वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे।

# विधान सभा चुनाव मे लगे जवानों का पूर्ण कराया जा रहा कोबिड का डबल डोज- एएसपी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की गयी है। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने जानकारी देते हुए कहा, निम्नवत व्यवस्था है,पुलिस पीएसी अर्धसैनिक बल होमगार्ड पीआरडी चौकीदार सभी का डेटाबेस तैयार कर सभी को वैक्सीन की डबल डोज लगवाया जा रहा है स पुलिस के सभी 2900 कर्मचारियों को डबल डोज लग चुकी है होमगार्ड चौकीदार व पीआरडी के जवानों को डबल दोज सुनिश्चित कराई जा रही है। सभी पोलिंग एजेंट काउंटिंग एजेंट निर्वाचन अभिकर्ता का डबल डोज टीकाकरण हेतु प्रेरित कराया जा रहा है। प्रत्येक पुलिस कर्मचारी को 100 डस् का एक हैंड सैनिटाइजर, 6 मास्क का, एक फेस शिल्ड ,2 जोड़ी हैंड ग्लव्स व प्रत्येक मतदान स्थल पर एक थर्मल स्कैनर दिया जा रहा है। शारीरिक विकलांग व 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता व कोविड- पॉजिटिव या क्वॉरेंटाइन मतदाता को घर से पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लाइन हेतु सोशल डिस्टेंसिंग के अनुसार गोले बनवाया जाना। पुलिस बल के लाने ले जाने वाले वाहनों का प्रतिदिन सैनिटाइजेशन कराना। पुलिस बल के ठहरने के स्थानों का पूर्व सैनिटाइजेशन कराना। 5 या 5 से अधिक मत दे स्थल वाले मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को सोशल डिस्टेंसिंग में रखे जाने हेतु स्केच मैप तैयार किया जाना सुनिश्चित हैं।

# एडीएम प्रशासन, वित्त, सीआरओ को लगाया गया बूस्टर डोज

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते महीने कोरोना वैक्सीन की बूस्टर खुराक देने का ऐलान किया था। कोरोना महामारी की तीसरी लहर आ चुकी है और ऐसे में गंभीर बीमारियों से ग्रसित फ्रंटलाइन वर्कर वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मी को आज सोमवार से कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगना शुरू हो गया है जिलाधिकारी गोरखपुर विजय किरन आनंद के निर्देशन पर कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के ई डिस्टिक में सीएमओ डॉ अशतोष कुमार दुबे की देखरेख में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह सीआरओ सुशील कुमार गौड़ सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों को बूस्टर डोज बारी बारी से लगाया गया जिससे उनकी यूनिटी पहले की अपेक्षा अधिक मजबूत हो सके और आम जनमानस की सुरक्षा के लिए तत्पर होकर अपने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए मदद करते रहें और कोविड-19 जैसे महामारी से निजात दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभा सके।



# संजय गुप्ता की सक्रियता अन्य दावेदारो के लिए बढ़ा सकती है चिन्ता'

## - कहा मौका मिलेगा तो रच देंगे तमकुही राज विधानसभा में इतिहास

'तमकुहीराज, कुशीनगर।' विधानसभा 331 तमकुहीराज में इन दिनों भारतीय जनता पार्टी से दावेदारी कर रहे संजय गुप्ता का लगातार जनसंपर्क पार्टी के अन्य दावेदारों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। विधानसभा तमकुही राज में कांग्रेस के विधायक अजय कुमार लल्लू हैं। इनके अलावा पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी से कई लोग अपनी दावेदारी में लगे रहे और अभी लगे हुए हैं हालांकि भारतीय जनता पार्टी की जन विश्वास यात्रा निकलने से ठीक पहले संजय गुप्ता का विधानसभा तमकुही राज में आना और लगातार जनसंपर्क करना अन्य आवेदकों में चिंता का विषय बन गया है क्योंकि विधानसभा तमकुही राज क्षेत्र में ओबीसी की संख्या अपने आप में काफी मायने रखती है और यहां पर कोई भी पार्टी जातिगत समीकरण को देखते हुए ओबीसी पर ज्यादा विश्वास रखती है इसके अलावा पिछले दिनों संजय गुप्ता द्वारा विधानसभा तमकुही राज में लगातार हो रहा जनसंपर्क भी कहीं न कहीं अन्य दावेदारों के लिए सोचने का विषय बना हुआ है आगे जो भी होगा वह तो पार्टी का निर्णय होगा। संजय गुप्ता ने मिडिया से वार्ता के दौरान बताया कि जबसे भाजपा की सरकार प्रदेश में आई है तब से प्रदेश में गुंडई खत्म हो गई हमारी सरकार ने लगातार गुंडो और माफियाओं पर कार्रवाई की लगातार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर भी जोर दिया महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में हमारी सरकार ने पूरी जोरदार तरीके से मदद की हमारी सरकार ने किसानों मजदूरों श्रमिक भाई-बहन तथा गरीबों की आवाज बनने का काम किया हमारी सरकार ने साफ कह दिया है कि प्रदेश में जो भी अराजकता फैलाएगा उनके घर पर हमारी बुलडोजर चलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विकास की लाइन में सबसे अंतिम छोर पर खड़े गरीबों की मदद करना मेरी प्राथमिकता में सबसे उपर रहेगी। हम पर जनता ने जो भरोसा जताया है उनसे लिये किसी भी समय पीछे नही हटेंगे और भ्रष्टाचार को समाप्त करेंगे।



इस दौरान इनके साथ आलोक गुप्ता,राकेश गुप्ता पूर्व प्रधान गाजीपुर, शौकत अली, बी एन कुशवाहा, के डी सिंह कुशवाहा,वैजनाथ गुप्ता, हरिहर यादव,अनिल यादव,विनय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य चांदनी कुशवाहा, राजेश कुशवाहा प्रधान गाजीपुर,धीरज गुप्ता,मदन गुप्ता, प्रवीण विंध्याचल कुशवाहा, अम्बिका निषाद, हृदया यादव,अरुण कुशवाहा, सोनू चौरसिया,मनोज माही सिंगर,अजय सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य इत्यादि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जनपद में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को लेकर लोगों में डर व्याप्त

राजेश शर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार को 6 कोरोना संक्रमण मिलने से जनपद में कुल संख्या 58 हो गई है सिद्धार्थनगर जनपद में बढ़ रहे कोरोनासंक्रमण लेकर अब डर का माहौल नजर आ रहा है लेकिन सुरक्षा के लिए कहीं भी ,कोई भी नियमों का पालन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में नहीं किया जा रहा है। आपको बता दें कि जनपद में आज 6 कोरोना संक्रमित व्यक्तियों को मिलने से कुल संख्या 58 की हो गई है जिसकी सूचना जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दिया कोरोना संक्रमण के बढ़ रहे मामले को लेकर जनपद में डर का माहौल व्याप्त होता जा रहा है लेकिन इसका असर चुनाव में कितना होगा या अभी से नजर आ रहा है जनपद के किसी भी सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों में लोग मास्क या सैनिटाइजर का प्रयोग करते नजर नहीं आ रहे हैं कितनी भी बड़ी मीटिंग या कोई भी कार्य विकास भवन व कलेक्ट्रेट में हो कहीं भी आपको माक्स पहनकर कर्मचारी, अधिकारी नजर नहीं आएंगे ना ही उनसे मिलने वाले नजर आएंगे यह कहीं ना कहीं सभी के जीवन के साथ शासन-प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है यदि स्थिति बेकाबू होती है तो इसके लहर में बच पाना बहुत ही मुश्किल होगा जिसको पहले आए हुए लहर में लोगों ने देखा है बुद्धिजीवियों का माने तो सरकारी विभागों में कोविड नियमों की धज्जियां खुले आम उड़ाई जा रही हैं जिसे देखकर चौराहे एवं अन्य जगहों पर लोग भी खुलेआम कोरोनावायरस को न्योता देते नजर आ रहे हैं।

# अवकाश के बाद भी छात्र-छात्राओं ने वैक्सीनेशन कराने विद्यालय पहुचे

## 185 छात्र-छात्राओं का हुआ वैक्सीनेशन



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के कैलाशी देवी इण्टरमीडिएट कालेज बरहजपार में 185 छात्र-छात्राओं का वैक्सीनेशन हुआ। शीतावकाश और कोविड 19 के चलते जहां प्राथमिक से लेकर महा विद्यालय तक 16 जनवरी तक बंद है। वहीं कैलाशी देवी इण्टरमीडिएट कालेज में आज गोला सीएचसी के प्रभारी डा योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कोविड 19 का टीका लगने की सुचना छात्र-छात्राओं को दी गई तो समय से बच्चे विद्यालय पर पहुच कर कोविड वैक्सीनेशन कराया। वैक्सीनेशन टीम में एनम सब्या यादव, अम्बिका गुप्ता, शोनू श्रीवास्तव शामिल थे। वैक्सीनेशन कार्य सुचारू रूप से चले इसके लिए विद्यालय प्रबंधक अवनीश मिश्र, प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह, मैनेजर चन्द, अहमद अंसारी मोलहू आदि विद्यालय पर उपस्थित थे।

# आईजीएल गीडा परिसर मे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

सहजनवां,गोरखपुर। इंडिया ग्लाइकोल लिमिटेड ने परिसर में लगवाया कैम्प आईजीएल गीडा के बिजनेस हेड के निर्देश पर कम्पनी के प्रबन्धक प्रशासन डॉ सुनील मिश्रा ने सीएचसी पिपरौली के डॉ के एन राय से मिलकर कम्पनी परिसर में एंटीजन व आरटीपीसीआर टेस्ट के कैम्प के लिए अनुरोध किया। श्री राय ने बड़े मन से अनुरोध को स्वीकार कर आज अपनी टीम भेजी जिसमे 200 लोगों की जांच हुई चौबीस घण्टे के बाद रिपोर्ट सम्बधित लोगों को प्राप्त होगी।यह कैम्प पुनः कल आईजीएल में कल 11 बजे लगाया जाएगा जिसमे संस्था में कार्यरत कर्मयोगियों की जांच की जाएगी। आईजीएल जहां अपने कर्मयोगियों के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदारी से लग कर उनकी जांच व दवा के लिए जिम्मेदारी निभा रहा है वहीं आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के लिए निरन्तर निःशुल्क कैम्प लगवा कर पड़ोसी धर्म भी निभा रहा है। इस कार्यक्रम में अश्वनी कुमार सिंह डॉ के के सिंह अजित त्रिपाठी ,अतुल पांडेय व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आत्मा नन्द सिंह ने महती भूमिका निभाई चिकित्सक टीम व पिपरौली के अधीक्षक को धन्यवाद के साथ आभार प्रकट करते हुए डॉ सुनील मिश्रा ने सभी मीडिया कर्मियों के जनसहयोग के प्रति आभार जताया।

# सम्पादकीय

**जिनकी सेहत पहले से खराब है,उनके लिये चिंता की बात है। यह जानते हुए कि देश में स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं हैं और निजी चिकित्सा–तंत्र मुनाफे की ही भाषा समझता है, हमें लापरवाही से स्वास्थ्य–तंत्र पर दबाव नहीं बढ़ना है। जान के साथ जहान की फिक्र करनी है ताकि फिर देश में पटरी पर लौटती ...**

## फिर भारी महामारी

ऐसे वक्त में जब देश टीकाकरण का डेढ़ सौ करोड़ का आंकड़ा छूने के करीब है, एक बार फिर देश में एक दिन में एक लाख से अधिक लोग संक्रमित होने लगे हैं। बीते साल अप्रैल में संक्रमण ने एक लाख का आंकड़ा छुआ था। पांच दिन में संक्रमण दुगना होना नये वेरिएंट ओमीक्रोन की संक्रमण क्षमता को दर्शाता है। देश के तमाम प्रयासों के बीच विचलित करने वाली खबर यह है कि शुक्रवार को दूसरे दिन भी इटली से अमृतसर आई फ्लाइट में डेढ़ सौ लोग जांच में संक्रमित पाये गये। बृहस्पतिवार को भी 125 लोग संक्रमित पाये गये थे। कैसे कोई देश बिना जांच के लोगों को यात्रा करने की अनुमति दे रहा है। कैसे एयरलाइंस संक्रमितों को सफर का मौका दे रही है? ऐसी लापरवाहियां ही देश को मुश्किल में डाल रही हैं। इससे देश में कोरोना विस्फोट की स्थितियां बन रही हैं और देश के तमाम प्रयासों को पलीता लगा रही हैं। देश में फिर से कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने का रिकॉर्ड टूटने लगा है। अब तो विशेषज्ञ भी मानने लगे हैं कि देश तीसरी लहर के भंवर में फंस चुका है। अच्छी बात है कि जान गंवाने वालों का आंकड़ा नहीं बढ़ा है और अस्पतालों पर अभी पहले जैसा दबाव नहीं है। केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकारों को निर्देश दे रही है। राज्यों को भी गंभीरता दिखाने की जरूरत है। विभिन्न राज्यों में नाइट कर्फ्यू, बाजारों में बंदी, आधे कर्मचारियों के साथ कार्यालयों में काम, स्कूल–कालेज बंद करने तथा मास्क को लेकर सख्ती की जा रही है। ऐसे वक्त में जब निजी चिकित्सा–तंत्र का पूरी तरह व्यवसायीकरण हो चुका है कोरोना जांच–उपचार की सरकारी सुविधाओं बढ़ाने की जरूरत है। दिल्ली व महाराष्ट्र में संक्रमण में खासी तेजी आई है और नये मामलों में आधे इन दोनों शहरों से हैं। मुंबई में रोज बीस हजार मामले आने के बाद लॉकडाउन लगाने की बात की जा रही है। वहीं चिंता की बात यह कि नये संक्रमणों में आधे नये वेरिएंट ओमीक्रोन के हैं जो बेहद संक्रामक है। फिक्र यह कि पिछली बार की तरह ही हालात बेकाबू न हो जाएं। अच्छी बात है कि सरकार ने चिकित्सकों, फ्रंटलाइन वर्करों तथा साठ साल से अधिक के असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों को तीसरी सुरक्षा डोज देने के कार्यक्रम की घोषणा की है। वहीं पंद्रह से 18 वर्ष तक के किशोरों को टीका लगाने का कार्यक्रम गति पकड़ रहा है। किशोरों में टीकाकरण को लेकर उत्साह देखते ही बनता है। लेकिन यहां महत्वपूर्ण है कि इस धारणा से मुक्त होना होगा कि नया वेरिएंट ज्यादा घातक नहीं है। ये सोच लापरवाही को बढ़ावा दे सकती है, जिसका खमियाजा अमेरिका जैसे देश भुगत रहे हैं, जहां हर रोज दस लाख तक नये संक्रमण के मामले आये हैं। सावधानी जरूरी है लेकिन इसका मतलब घबराहट नहीं है। सावधानी व हौसलों से इस महामारी का मुकाबला किया जाना चाहिए। हमें दूसरी लहर की तबाही भी याद रखनी है और सावधानी बरतनी है। अनावश्यक रूप से संक्रमण के जोखिम को दावत देने से बचना है। सावधानी के साथ हम अपनी दिनचर्या का पालन कर सकते हैं, इस सत्य को मानते हुए कि देश तीसरी लहर की आंधी की चपेट में आ चुका है। अच्छी बात यह है कि देश में साठ फीसदी से अधिक वयस्क आबादी को दोनों टीके लग चुके हैं जिनके संक्रमण होने की स्थिति में अस्पताल में भर्ती होने की आशंका कम हो जाती है। लेकिन दुनिया में ओमीक्रोन संक्रमितों की मृत्यु की खबरें भी आनी शुरू हो गई हैं, अतरू किसी तरह की लापरवाही से बचना चाहिए।

# कविता

## खुद का धंधा

नवजवानों बहुत न पढ़ाई करो,
नौकरी के लिए मत लड़ाई करो ।।

क्यों कमाई लुटाते हो माँ – बाप की ?
नेता बनकर शुरू खुद कमाई करो ।।

फार्म भर कर भटकते हो क्यों दर ब दर
जाओ पर्चा भरो, रहनुमाई करो ।

सारे अफसर बड़े, पीछे– पीछे चलें,
खुद को तुम इस तरह हाई– फाई करो ।।

अपनी तस्वीर लटका दो हर पेड़ पर,
हाथ जोड़े रहो, खुदनुमाई करो ।।

है इसी में भलाई छुपी देश की,
सबसे पहले तुम अपनी भलाई करो ।।

मान लो बात तुम नियाज की मान लो !
खुद का धंधा शुरू मेरे भाई करो ।।



सिद्धार्थनगर–
रचनाकार–
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## दक्षिणी ध्रुव में हरप्रीत चंडी का प्रचंड

**उसने अभियान के लिये फंड जुटाया। इस अभियान के लिये फ्रांस के आल्प्स पर्वत शृंखलाओं की बर्फीली दरारों में दक्षिणी ध्रुव की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिये कठोर प्रशिक्षण लिया। साथ ही आइसलैंड के ग्लेशियर पर ट्रैकिंग भी की। कठिन साधना के लिये ग्रीनलैंड के बर्फीले इलाके में करीब एक माह का समय लगाया। साथ ही बर्फ पर भारी–भरकम स्लेज गाड़ी को खींचने का अभ्यास अपनी...**

अरुण नैथानी

चारों तरफ निर्जन बर्फीला इलाका, बर्फबारी, रक्त जमाती ठंड में तेज हवाएं और अकेली जान। कल्पना करके ही रूह कांपती है। मगर सही मायनों में चंडी बनकर एक भारतवंशी हरप्रीत ने अकेले बर्फीले दक्षिणी ध्रुव पहुंचकर नया इतिहास रच दिया। एक आम स्त्री से इतर अपनी सीमाओं से परे जाकर हरप्रीत चंडी ने यह कारनामा कर दिखाया। वह कहती भी है कि श्मेरा यह अभियान मेरी क्षमताओं से कहीं आगे था। हममें अपनी सीमाओं से आगे जाकर अनूठा कर गुजरने का संकल्प होना चाहिए। खुद पर विश्वास करने से यह संकल्प पूरा हो सकता है।य अपने इस अभियान में हरप्रीत साहस–संकल्प के साथ आगे बढ़ती गईं। दुनिया को अपने नियमित ब्लॉग लेखन से अपनी कामयाबी के किस्से बताती रही। विषम परिस्थितियों में जूझते हुए आगे बढने में गजब का जज्बा दिखाया हरप्रीत ने। इस तरह वह अकेले दक्षिणी ध्रुव का अभियान पूरा करने वाली पहली अश्वेत महिला बनकर इतिहास का हिस्सा बन गई। दरअसल, दक्षिणी ध्रुव धरती का सबसे ठंडा, सबसे ऊंचा, सर्वाधिक शुष्क व तेज हवाओं वाला महाद्वीप है जहां सामान्य मानव जीवन संभव नहीं है। कोई स्थायी रूप से वहां रह नहीं सकता। यह अभियान शुरू करने से पहले हरप्रीत को भी दुनिया के इस जटिलतम परिवेश वाले इलाके के बारे में कोई खास जानकारी नहीं थी। लेकिन इस दुर्गम इलाके की मुश्किलों ने हरप्रीत को इस इलाके में जाने के लिये प्रेरित किया। दरअसल, बिना किसी सहायता के अकेले इस दुर्गम यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली हरप्रीत ब्रिटिश सेना की सिख रेजिमेंट की सैनिक अधिकारी हैं। कैप्टन हरप्रीत महज उन्नीस साल की उम्र में रिजर्व आर्मी में भर्ती हुई। फिर पच्चीस साल की उम्र में नियमित सेना का हिस्सा बनी। उसकी भूमिका फिजियोथेरेपिस्ट की है। वह सैन्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण देती है। वर्तमान में ब्रिटिश सेना में क्लीनिकल ट्रेनिंग अधिकारी है। हरप्रीत ब्रिटेन में उत्तर–पश्चिम इंग्लैंड के मेडिकल रेजिमेंट में नियुक्त है। साथ ही उसकी पढ़ाई भी जारी है और क्वीन मैरीज यूनिवर्सिटी से स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में पीजी कर रही है। एक कुशल धावक भी है। एथलीट के रूप में कई मैराथनों में भाग लिया है। वह संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना का भी हिस्सा रही है, जिसके अंतर्गत उसने नेपाल, केन्या व दक्षिण सूडान में अपनी सेवाएं दीं। इस कामयाबी को अंजाम देने वाली हरप्रीत श्पोलर प्रीत्य के नाम से भी जानी जाती है। इस कठिन यात्रा के चालीस दिनों में हरप्रीत ने 1,127 किलोमीटर का सफर तय किया। यह सोचकर रूह कांपती है कि इस निर्जन इलाके में कैसे हरप्रीत ने शून्य से पचास डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान में नब्बे किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड वाली हवाओं के बीच यह यात्रा पूरी की होगी। साथ ही नब्बे किलो भार वाले स्लेज गाड़ी को अकेले खींचना, जिसमें उसका जीवन रक्षा का सामान रहता था। कुछ साल पहले तक ध्रुवीय दुनिया के बारे में कुछ न जानने वाली हरप्रीत आज उस पर विजय पताका लहरा चुकी है। उसकी सफलता का उद्घोष दुनिया को सही मायनों में नारी शक्ति की हकीकत का अहसास करा गया। निस्संदेह, हरप्रीत शारीरिक व मानसिक तौर पर एक मजबूत प्रतिनिधि चेहरा है। वह हमेशा से सामान्य जीवन से इतर कुछ खास करने को प्रतिबद्ध रही है। वह सामान्य से आगे अपना नया सामान्य बनाने में विश्वास रखती है। वह इसे परंपरा से विद्रोह नहीं मानती, लेकिन सामान्य की सीमाओं को तोडना चाहती है। अपनी इस जटिल व बेहद कष्टकारी यात्रा का आंखों देखा हाल हरप्रीत बाहरी दुनिया को अवगत कराती रही। इसके लिये उसने लाइव ट्रैकिंग मैप अपलोड किया था। वह इस बर्फीले संसार की हकीकत नियमित ब्लॉग लिखकर शेष दुनिया को बताती रही। फौलादी इरादों वाली हरप्रीत मानती है कि यदि हम इरादा कर लें तो सब कुछ करने में सक्षम हैं। साथ ही अन्य बातें महत्व नहीं रखती हैं कि आप कहां से हैं और कहां से शुरुआत कर रहे हैं। हम में से हर एक कहीं न कहीं तो शुरुआत करता ही है। दरअसल, पोलर प्रीत के नाम से पहचानी जाने वाली हरप्रीत ने अपने साहसिक अभियान की शुरुआत नवंबर, 2021 में की थी। वह सात नवंबर को चिली रवाना हुई, जिसकी शुरुआत उन्होंने दक्षिणी ध्रुव के प्रवेश द्वार हरक्यूलिस इनलेट से अकेली की। यह यात्रा आसान नहीं थी। उसे अपने सामान के लिये नब्बे किलो वजनी स्लेज गाड़ी खींचनी थी, जिसमें करीब डेढ़ माह का भोजन, ईंधन व जरूरी उपकरण भी शामिल थे। इस दुर्गम इलाके में शेष दुनिया से संपर्क के बिना रहना निस्संदेह, बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। लेकिन उसने ढाई वर्ष की तैयारी में जो जी–जान से मेहनत की, उसने यात्रा का निष्कंट मार्ग प्रशस्त किया। उसने अभियान के लिये फंड जुटाया। इस अभियान के लिये फ्रांस के आल्प्स पर्वत शृंखलाओं की बर्फीली दरारों में दक्षिणी ध्रुव की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिये कठोर प्रशिक्षण लिया। साथ ही आइसलैंड के ग्लेशियर पर ट्रैकिंग भी की। कठिन साधना के लिये ग्रीनलैंड के बर्फीले इलाके में करीब एक माह का समय लगाया। साथ ही बर्फ पर भारी–भरकम स्लेज गाड़ी को खींचने का अभ्यास अपनी पीठ पर टायर बांधकर किया। कहते हैं आग में तपकर ही सोना निखरता है, हरप्रीत ने भी कठोर अभ्यास से खुद को दक्षिणी ध्रुव की कठिन परिस्थितियों के अनुकूल ढाला। दक्षिणी ध्रुव से लौटने के बाद हरप्रीत चंडी अपने मंगेतर डेविड जारमैन के साथ नई जिंदगी शुरू करने वाली हैं।

## सहनशील-समावेशी स्वरूप अक्षुण्ण रहे

**लगभग बीस साल पहले, सन् 2003 में, हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने चेन्नई में आयोजित एक समारोह में कहा था कि श्भारत हमेशा एक खुला, समावेशी और सहनशील राष्ट्र रहा है और रहेगा। यहां हर धर्म के मानने वाले को अपने धर्म का अनुसरण करने की आजादी रहेगी। ऐसा इसलिए नहीं होगा कि हमारा संविधान यही कहता है, बल्कि इसलिए भी होगा कि यह ...**

विश्वनाथ सचदेव

कहते हैं युद्ध और प्यार में सब कुछ जायज होता है। मुझे लगता है, युद्ध और प्यार के साथ श्चुनाव्य को भी जोड़ दिया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब चुनाव–प्रचार के दौरान राजनेताओं को कुछ भी कहते, करते देखा जा रहा है। संदर्भ शीघ्र ही पांच राज्यों में होने वाले चुनाव का है। अभी तारीखों की घोषणा तो नहीं हुई, पर हमारे राजनेता, खास तौर पर सत्तारूढ़ दलों के नेता, जानते हैं कि घोषणा कभी भी हो सकती है। तब कुछ प्रतिबंध लग जायेंगे, इसलिए वे उससे पहले बहुत कुछ ऐसा करना–कहना चाह रहे हैं, जो बाद में नहीं हो सकेगा। हर चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल अरबों–खरबों की योजनाओं की घोषणाएं करने लग जाते हैं, आधारशिलाएं रखने लग जाते हैं। आधी–अधूरी योजनाएं उद्घाटित होने लगती हैं। यह सब तो फिर भी गनीमत है, चुनाव में जीत की तमन्ना में वह सब करना भी किसी को गलत नहीं लगता, जो कानून और संविधान के विरुद्ध तो है ही, मनुष्यता के भी खिलाफ है। पिछले कुछ दिनों में धर्म के नाम पर की जा रही लफ्फाजी और ज्यादतियों में जिस तरह की बढ़ोतरी हुई है, वह निश्चित रूप से चिंता की बात है।

धार्मिक स्थलों और धार्मिक गतिविधियों को लेकर जिस तरह की घटनाएं हाल में घट रही हैं, उन्हें देखते हुए ही हमारे उपराष्ट्रपति ने केरल में एक धार्मिक आयोजन में उन सबको चेतावनी देना जरूरी समझा था, जो धर्म के नाम पर वह सब कर रहे हैं जिसे अधर्म ही कहा जा सकता है। सेंट कुरियाकोसे की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केरल में आयोजित एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की है कि देश में कुछ तत्व अपने धर्म के पालन से कहीं ज्यादा दूसरे के धर्म के पालन में रोड़े अटकाने में विश्वास करने लगते हैं। देश के अलग–अलग हिस्सों में, पिछले कुछ दिनों में सांप्रदायिक तनाव के बढने की घटनाओं के संदर्भ में ही उपराष्ट्रपति को यह कहना पड़ा कि श्अपने धर्म का पालन अवश्य करें पर विद्वेष फैलाने वाली गतिविधियों से बचें।य उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कहना जरूरी समझा कि श्विद्वेष फैलाने वाली बातें करना भारतीय संस्कृति, विरासत, संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है।य उन्होंने यह भी कहा कि पंथ–निरपेक्षता हर भारतीय के खून में है और इसके लिए ही पूरी दुनिया में भारत की इज्जत की जाती है।

यह पहली बार नहीं है जब हमारे किसी नेता ने पंथ–निरपेक्षता को रेखांकित करते हुए ऐसा कहा है, पर इस समय उपराष्ट्रपति द्वारा यह कहना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। विविधता में एकता का उदाहरण प्रस्तुत करने वाले हमारे देश में आज धर्म को लेकर जिस तरह की हवा फैलायी जा रही है, वह हर विवेकशील भारतीय के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। मंदिर–मस्जिद का चुनावी मुद्दा बनना और श्धर्म संसदय के नाम पर होने वाले आयोजनों में धार्मिक वैमनस्य फैलाने की कोशिशें किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराई जा सकतीं। हरिद्वार और रायपुर की तथाकथित श्धर्म संसदोंय में हमारे कथित धर्माचार्यों ने जिस भाषा में, और जिस उद्देश्य से, विष–वमन किया है वह भारतीय संविधान और भारतीय दंड संहिता दोनों की दृष्टि से आपराधिक कृत्य है। हैरानी की बात है कि इन अपराधियों के खिलाफ अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। हैरानी की बात तो यह भी है कि हमारे बड़े नेताओं ने मनुष्यता के प्रति इस अपराध पर एक चुप्पी साध रखी है। छोटी–छोटी बातों पर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां करने वाले हमारे नेताओं को इस संदर्भ में कुछ स्पष्ट कहने की आवश्यकता ही नहीं लगी।

लगभग बीस साल पहले, सन् 2003 में, हमारे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने चेन्नई में आयोजित एक समारोह में कहा था कि श्भारत हमेशा एक खुला, समावेशी और सहनशील राष्ट्र रहा है और रहेगा। यहां हर धर्म के मानने वाले को अपने धर्म का अनुसरण करने की आजादी रहेगी। ऐसा इसलिए नहीं होगा कि हमारा संविधान यही कहता है, बल्कि इसलिए भी होगा कि यह खुलापन, सहनशीलता और समावेशी प्रवृत्ति हमारी प्राचीन सभ्यता की जीती–जागती परंपरा है।य

देश की पहली भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के प्रधानमंत्री को उद्धृत करते हुए यह सवाल मन में उठना स्वाभाविक है कि बीस साल पहले वाजपेयी जी ने जो आशा और विश्वास व्यक्त किया था, उनके अनुयायी आज उसके प्रति कितने निष्ठावान हैं? ऐसा नहीं है कि पहले हमारे यहां धार्मिक सौहार्द को बिगाडने की कोशिशें नहीं हुईं, स्वतंत्र भारत में, दुर्भाग्य से, सांप्रदायिक दंगों का एक शर्मनाक इतिहास रहा है। इनके लिए किसी एक धर्म के अनुयायियों को ही दोषी ठहराना भी गलत होगा। लेकिन इस सच्चाई से भी तो इनकार नहीं किया जा सकता कि दंगे रोकने में, बहुसंख्यक समुदाय की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होती है। मुसलमान, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध आदि हमारे देश में अल्पसंख्यक हैं। हमारे संविधान के अनुसार, और मानवीय परम्पराओं के अनुसार भी, अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा का दायित्व निभाना बहुसंख्यकों का कर्तव्य है। सच कहें तो सह–अस्तित्व हमारी विवशता भी है और विशेषता भी। धर्म के आधार पर किसी को दूसरे दर्जे का नागरिक समझने की मानसिकता अपने आप में एक अपराध है। जाने–अनजाने इस अपराध को करने वाले श्वसुधैव कुटुम्बकम्य की हमारी महान संस्कृति को झूठा सिद्ध करने के भी अपराधी हैं।

उचित तो यह होता कि हरिद्वार और रायपुर में वैमनस्य फैलाने की जो कोशिशें हुईं, सारे देश में उसका प्रतिकार होता। भारत के नागरिकों को धर्म के नाम पर बांटने की प्रवृत्ति का समर्थन नहीं किया जा सकता। हम किसी भी धर्म को मानने वाले हों, पहले भारतीय हैं। राष्ट्रवाद का यही मतलब होता है। धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देने वाले हमारे संविधान में जिस पंथ–निरपेक्षता की बात कही गयी है, वह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1994 में की गयी एक टिप्पणी के अनुसार श्धर्म के प्रति सहनशीलता की कोई नई प्रवृत्ति नहीं है, यह सब धर्मों के प्रति एक–से व्यवहार की एक सकारात्मक अवधारणा है।य यह सकारात्मकता हमारी सोच और व्यवहार का हिस्सा बननी चाहिए। देश को हिंदू–मुसलमान या ईसाई आदि में बांट कर हम कुल मिलाकर देश के हितों की अनदेखी करते हैं। सत्ताएं बात–बात पर किसी को राष्ट्र–विरोधी घोषित करती रहती हैं, धर्म के नाम पर देश को बांटने की प्रवृत्ति से अधिक राष्ट्र–द्रोह और क्या हो सकता है? और ऐसी कोशिशों पर चुप्पी को क्या कहा जायेगा?

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।



## ग्रामीण क्षेत्रों में भी हटाए गए बैनर-पोस्टर

देवरिया । खुखुंदू थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों व चौराहों वह गांवों की गलियों में दीवारों व पोलों पर लगाए गए विभिन्न दलों के राजनीतिक बैनर व पोस्टर पुलिस ने उतरवा दिए। आचार संहिता लागू होने के दूसरे दिन ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। पूरे दिन राजनीतिक दलों की होर्डिंग व बैनर पोस्टर हटवाने में पुलिस लगी रही। पड़री बाजार, झिल्लीपार पड़री, सिसईं, कोला, कम्हरिया, भरथुआ, तिलौली उर्फ डेहरी, महुई पांडेय, मुजूरी खुर्द, मुजुरी बुजुर्ग, बालेपुर, मुसैला, पुरैना, आदि स्थानों पर पुलिस ने भ्रमण कर खंभों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के बैनर व पोस्टर उतरवा दिया। उधर सलेमपुर में भी राजनीतिक दलों का बैनर, होर्डिंग हटाया गया।

## कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

देवरिया । तहसील सभागार में आयोजित बैठक में एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय ने कहा कि कोविड गाइडलाइन के अनुसार ही चुनाव कार्य संपन्न कराए जायेंगे। कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार सार्वजनिक सभाओं, बैठक पर 15 जनवरी तक रोक रहेगी। एक बूथ पर 1250 मतदाता होंगे। राजनीतिक दल सुविधा एप का प्रयोग कर एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर कर उसका प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए कर सकते हैं। चुनाव प्रचार अभियान में डोर टू डोर सिर्फ पांच व्यक्तियों ही साथ रह सकेंगे। बूथ पर रहने वाले वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने वाले ही जा सकेंगे।

## अवकाश के दिन भी खुले रहे कार्यालय

देवरिया । विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ सियासी हलचल तेज होने के साथ सरकारी दफ्तरों के कामकाज में भी तेजी आ गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय व सामान्य कार्यालय में अवकाश होने के बावजूद कर्मचारी सुबह से ही काम पर डटे रहे। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में कर्मचारी देर शाम तक चुनाव से संबंधित प्रपत्रों को तैयार करने मे जुटे रहे। निर्वाचन कार्यालय में शंकर मिश्र, राकेश प्रकाश, विजय कुमार पांडेय, कौशलेश कुमार, अरविद कुमार शर्मा, आशुतोष तिवारी के अलावा अन्य कर्मचारी भी कामकाज निपटाने में जुटे रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर पंकज ने कहा कि विधानसभा चुनाव निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुछ काम अभी बाकी है। उसे पूरा किया जा रहा है अवकाश के बावजूद निर्वाचन कार्यालय में काम हो रहा है निर्वाचन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने किया कोविड टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने जिले में चल रहे टीकाकरण कार्य की हकीकत जानने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अति आवश्यक है, अधिक से अधिक लोगों का शीघ्रता के साथ टीकाकरण किया जाए। टीकाकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह सबसे पहले महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कालेज पहुंचे। यहां 15–18 आयु वर्ग के लिए कोविड–19 वैक्सीनेशन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन की गति तेज करने का निर्देश दिया। कहा कि वैक्सीनेशन से ही कोविड–19 से बचाव संभव है। इस कार्य में कतई लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बताया कि महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे वैक्सीनेशन कैंप में लक्षित आयु वर्ग की कुल 804 छात्राओं में से 636 का टीकाकरण हो चुका है। शेष 204 छात्राओं का टीकाकरण शीघ्र ही कराने का निर्देश दिया गया है। कहा कि वैक्सीनेशन के लिए 15–18 आयु वर्ग के किशोरों का आवश्यक दस्तावेजों का डेटाबेस तैयार कर लिया जाए। कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, सीएमओ डा. आलोक कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डा. अंकुर सांगवान सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## ठंड का कहर जारी, ठिठुरते रहे लोग

महराजगंज। जिले में लगातार तीन दिनों से धूप न होने से ठंड का कहर जारी है। बर्फीली हवाओं के चलते रहने और दो दिन से रुक–रुक कर हो रही बूंदा–बांदी से हुई गलन कम नहीं हुई। ठंड से बचने के लिए नगर और तहसील प्रशासन की ओर से किए गए इंतजाम से भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। .ठंडक बढ़ने से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। सुबह घने कोहरे के साथ हुई और दस बजे के बाद तक कोहरे का कोहराम रहा। इस दौरान सड़कों पर लोगों की यात्रा काफी धीमी रही। सुबह भी प्रत्येक दिन की तरह कोहरे के साथ शुरुआत हुई। दिन में 10 बजे तक कोहरा तो छंट गया लेकिन धूप नहीं हो सका। आसमान में बदली छाई रही। होने की वजह से आफिस और अन्य सरकारी कार्यालय तो बंद ही रहे, लेकिन दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को बाहर निकलना ही पड़ा। शहर के सक्सेना तिराहा, बस स्टेशन और मऊपाकड़ के अलावा अन्य प्रमुख चौराहों पर लोग ठंड से ठिठुरते दिखे। धूप न होने से तापमान का पारा भी काफी गिरा रहा। अधिकतम तापमान 23 तो न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिला अस्पताल पर नहीं है, अलाव का बेहतर इंतजामः ठंड के मौसम में सर्वाधिक भीड़ शहर के सक्सेना तिराहे पर मजदूरों और बस स्टेशन के बाद अगर कहीं रहती है तो वह जिला अस्पताल है। सक्सेना तिराहा और बस स्टेशन पर रात्रि में कम ही लोग होते हैं, लेकिन जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को पूरी रात ठंड से ठिठुरना पड़ता है। नगर पालिका की ओर से वहां अलाव का प्वाइंट तो बनाया गया है, लेकिन लकड़ियों के न रहने से आग कैसे जले।

## मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे कैडेट

महराजगंज। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर एनसीसी, स्काउट गाइड और एनएसएस के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बहुत बड़ा महत्व है। अधिक से अधिक लोग मतदान करें, इसके लिए सभी कैडेटों के छात्र को लगाया जाए, जो लोगों को जागरूक करें। प्रत्येक बूथ पर दो से तीन छात्रों को रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह छात्र दिव्यांग और अशक्त व्यक्तियों को मतदान के लिए गांव–घर जाकर जागरूक करेंगे और मतदान के दिन बूथों तक लाने में सहयोग करेंगे। जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। बैठक में एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# अजय मिश्र हत्याकांड के मुख्य आरोपित की स्कार्पियो गोरखपुर से बरामद

देवरिया। बरियारपुर थानाक्षेत्र के अहिलवार बुजुर्ग गांव के रहने वाले अजय मिश्र की हत्या के आरोपित की स्कार्पियो गोरखपुर से बरामद की गई है। आरोपित ने दो दिन में आने की बात कहकर अपने एक परिचित के घर गाड़ी खड़ी कर भाग निकला। सदर कोतवाली पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। युवक अजय मिश्र की पांच जनवरी की रात गला काटकर हत्या कर शव को सदर कोतवाली के पिपरा चंद्रभान गांव के समीप फेंक दिया गया। पुलिस की जांच में बैनामा भूमि को लेकर विवाद सामने आया है। मृतक के चाचा रमेश मिश्र की तहरीर पर बरियारपुर थाने में भूमि बैनामा कराने वाला भटवलिया के अरुण कुमार सिंह, सहयोगी पिपरा चंद्रभान का प्रद्युम्न पांडेय, पुनीत शाही, अरविद कुमार पांडेय व सोनूघाट का पूर्व प्रधान हृदयाशंकर यादव व तीन अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुख्य हत्यारोपित अरुण कुमार सिंह की स्कार्पियो गोरखपुर जनपद के गोरखनाथ थाना क्षेत्र के वृंदावन के पास भाटी विहार में मिली है। घटना के अगले दिन छह जनवरी की शाम अरुण कुमार सिंह अपने परिचित हर्षित सिंह के घर गाड़ी खड़ी कर भाग गया। उसने हर्षित से कहा कि मेरे परिवार में किसी की तबीयत खराब है। मैं जा रहा हूं। दो दिन बाद आठ जनवरी को गाड़ी लेने जाऊंगा। हर्षित ने जब अरुण कुमार सिंह को फोन किया तो उसका मोबाइल स्विच आफ था। हर्षित ने बताया कि अरुण मेरे साथ दो महीने पहले आइसीआइसीआइ बैंक में ब्रांच मैनेजर के पद पर काम कर रहा था। दो महीने पहले अरुण ने बंधन बैंक में नौकरी ज्वाइन की। परिचित होने के कारण गाड़ी अपने घर खड़ी करा ली।

# मास्क नहीं तो सामान नहीं का दुकान पर लगाएं पोस्टर

कोरोना संक्रमण से निपटने एवं बचाव तथा चुनाव आचार संहिता का पालन करने को लेकर राजनीतिक दल के नेताओं व व्यापारियों की बैठक तहसील सभागार में हुई। जिसमें कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और कोरोना प्रोटोकाल के पालन पर आपसी तालमेल बनाए रखने व चुनाव आचार संहिता का पालन करने का बात कही गई।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने राजनीतिक दल व्यापारी संगठन के लोगों से कोरोना प्रोटोकाल के पालन पर जागरुकता फैलाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। दुकानदार अपनी दुकानों पर मास्क नहीं तो सामान नहीं का पोस्टर लगाएं। तभी जागरूकता आएगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता ने सभी व्यापारियों से आदेश का शत प्रतिशत पालन करने को कहा। इस दौरान तहसीलदार शैलेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथी सिंह, ईओ अंकिता सिंह, सुधाकर गुप्ता, पप्पू बरनवाल, अभिषेक जायसवाल, रतनलाल, त्रिपुणायक विश्वकर्मा आदि नेता व व्यापारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव 2022 : भाजपा कार्यालय में चुनावी मंथन, सपा –बसपा एवं कांग्रेस कार्यालय परिसर में सन्नाटा

देवरिया। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही देवरिया जिले में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई। आठ जनवरी को चुनाव आयोग की घोषणा पर सभी दलों की निगाह थी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में चुनावी रणनीति को लेकर माथापच्ची होती रही तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी एवं कांग्रेस के के जिला कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सुबह से शाम तक चुनाव को लेकर मंथन होता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, जिला प्रभारी सुनील गुप्ता, महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, रमेश सिंह सैंथवार,अरुण सिंह, गंगा कुशवाहा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति एवं बूथ स्तर तक किस तरह से चुनाव प्रचार किया जाए इसको लेकर मंथन कर रहे थे। जिलाध्यक्ष सिंह ने प्रचार के तरीको को देखते हुए इंटरनेट मीडिया टीम को फोन पर दिशा निर्देश दे रहे थे। मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडेय चुनाव आयोग के प्रेस कॉन्फ्रेंस में उभर कर आ रही बातों को आपस में साझा करते रहे। बीच–बीच में कार्यकर्ताओं का फोन आने पर चुनाव की तिथि के बारे में भी जानकारी दे रहे थे। कार्यालय के बाहर बरामदे में खड़े भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष डा. नंदलाल पाठक बूथ स्तर तक पार्टी की रणनीति एवं चुनाव प्रचार के नए तरीकों पर चर्चा कर रहे थे। सपा कार्यालय में बंद मिला तालाः दूसरी तरफ बांस देवरिया मोहल्ला स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में ताला लगा रहा। दिन में करीब दो बजे तक कार्यकर्ताओं का आना–जाना रहा। चुनाव की तिथि को लेकर जिलाध्यक्ष डा.दिलीप यादव व अशोक यादव कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। लेकिन क्षेत्र में काम के सिलसिले में दोपहर बाद निकल गए। उसके बाद कार्यालय बंद हो गया। जिससे शाम को सन्नाटा रहा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. दिलीप यादव कहते हैं कि दोपहर बाद पार्टी के काम से क्षेत्र में चले गए। मौसम खराब होने के कारण कार्यकर्ता घर चले गए। इसलिए कार्यालय दोपहर बाद बंद हो गया। कार्यालय रोज सुबह खुलता है। पार्टी चुनाव को लेकर पूरी तौर पर तैयार है। बसपा कार्यालय पर भी छाया रहा सन्नाटाः शाम करीब 5:30 बजे टाउनहाल स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय में ताला लगा हुआ था। दोपहर में कुछ कार्यकर्ता आए थे। लेकिन मौसम खराब होने के चलते कार्यकर्ता ताला लगा कर चले गए। कांग्रेस कार्यालय का भी रहा सुबह कार्यालय में भी दोपहर तक चहल–पहल रही। चुनाव को लेकर जयदीप मणि, भरत मणि, विजय रोशन मल्ल, धर्मेंद्र पांडेय आपस में बहस कर रहे थे। चुनाव की तिथि को लेकर अटकल लगा रहे थे। लेकिन दोपहर बाद पार्टी कार्यालय पर सन्नाटा छा गया। करीब 5रू45 बजे 12 कार्यकर्ता पहुंचे लेकिन कार्यालय में ताला लगा दे लौट गए। जिलाध्यक्ष राम जी गिरी ने कहा कि पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर मैं क्षेत्र में दौरा कर रहा था मौसम खराब था। इस वजह से कार्यालय बंद था।

## अब आनलाइन भी नामांकन कर सकेंगे उम्मीदवार

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में नामांकन के लिए उम्मीदवार अब आनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। लेकिन इसी के साथ उन्हें नामांकन पत्रों की हार्डकापी रिटर्निंग आफिसर के समक्ष जमा करनी होगी। प्रत्याशी सहित तीन व्यक्तियों को ही नामांकन कक्ष में प्रवेश की अनुमति मिलेगी। कोविड नियमों का हर हाल में सभी को पालन करना होगा। यह जानकारी डीएम सत्येन्द्र कुमार ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टी के अध्यक्षों, प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक में दी। उन्होंने बताया कि कोविड महामारी के दृष्टिगत 15 जनवरी तक किसी भी प्रकार की सभा, रैली व कार्यक्रम स्थगित किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ। इसके बाद निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देशन के अंतर्गत कार्यों की अनुमति दी जाएगी। किसी भी दल को अपने प्रचार प्रसार के लिए स्थान चिह्नित कर पूर्व से अनुमति लेना आवश्यक होगा। पार्टी के सभा के लिए जनता को शारीरिक दूरी के साथ ही मास्क, स्थान को सैनिटाइज करना आवश्यक होगा। अगर नियमों की पालन नहीं होने पर आगे अनुमति नहीं दी जाएगी। रैली के लिए सिर्फ पांच वाहन ही एक साथ चलने की अनुमति होगी। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के साथ कुल पांच व्यक्ति ही मास्क का प्रयोग कर गांव घरों में डोर–टू–डोर प्रचार कर सकते हैं। पोलिग के दिन बूथ एजेंट को दोनों डोज टीकाकरण आवश्यक है। पार्टी अध्यक्ष अपने वाहन पर पार्टी का एक छोटा झंडा लगा सकते हैं। बड़े झंडे की कोई अनुमति नहीं है। निजी भवनों पर झंडा लगाने के लिए भवन मालिक से अनुमति लेनी होगी। रात्रि कोविड महामारी की कर्फ्यू के अंतर्गत प्रचार का कार्य नहीं किया जाएगा। बैठक में एडीएम वित्त व राजस्व डा. पंकज कुमार वर्मा, निषाद बहुजन समाज पार्टी से अशोक प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, संदीप पटेल, खुर्शीद आलम अंसारी, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शरद सिंह, गोपाल शाही, सपा जिलाध्यक्ष आमिर हुसैन, जितेन्द्र यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी, समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## लंबे समय से जमे पांच बीईओ का तबादला

महराजगंज। बेसिक शिक्षा विभाग में लंबे समय से तैनात पांच खंड शिक्षा अधिकारियों का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह कार्रवाई अपर शिक्षा निदेशक बेसिक ने की है। बीएसए ओपी यादव ने बताया आदेश के क्रम में सभी को कार्यमुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है। स्थानांतरण के क्रम में बृजमनगंज में तैनात अरविन्द सिंह का रायबरेली, मुख्यालय पर तैनात आरडी प्रसाद को गोरखपुर, पनियरा के हेमवंत कुमार को कुशीनगर, सदर के ओपी तिवारी को मऊ व सिसवा के खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सुन्दर पटेल को श्रावस्ती जनपद के लिए स्थानांतरित किया गया है। वहीं स्थानांतरण की इस कार्रवाई में जिले में कुल चार खंड शिक्षा अधिकारियों के भी आने की सूचना है। इसमें बस्ती से अनीता तिवारी व गरिमा यादव, सिद्धार्थनगर से चंद्रभूषण पांडेय व शिव प्रसाद के नाम शामिल है।

# चुनाव को लेकर सक्रिय हुए चेकपोस्ट, जांच शुरू

महराजगंज। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही महराजगंज पुलिस ने जिले के नेपाल के अलावा कुशीनगर, गोरखपुर और सिद्धार्थनगर की सीमाओं पर 40 स्थानों पर संदिग्ध वाहन और लोगों की चेकिग शुरू कर दी है। इसके साथ ही चुनाव में नेपाल से शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आबकारी ने सोनौली और ठूठीबारी में विशेष चेकपोस्ट स्थापित कर वाहनों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जिले में बनाए गए चेकपोस्ट पर विधानसभा वार उड़नदस्ता और स्टैटिक टीमें भी बनाई गई है, जो नियम विरुद्ध काम करने वालों पर कार्रवाई करेगी। साथ ही आबकारी के चेकपोस्ट पर खासतौर पर शराब की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से वाहनों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस हिस्ट्रीशीटर और अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी कर रही है। खास ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, जो निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हैं।

स्टैटिक सर्विलांस टीम व उड़नदस्ते भी रखेंगे नजरः प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के अनुसार स्टैटिक सर्विलांस टीम और तीन उड़नदस्ते बनाए गए हैं, जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। विशेषकर नेपाल की सीमा पर खास नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का यह भी कहना है कि चुनाव में अवैध शराब, अवैध शस्त्र और अवैध धन की खपत की आशंका रहती है। चुनाव को प्रभावित करने के लिए कतिपय आपराधिक प्रवृत्ति का भी सहारा लेते हैं। ऐसे में इनकी रोकथाम और प्रभावी कदम उठाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। साथ ही चुनाव में नेपाली शराब पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर सोनौली, नौतनवा, परसामलिक, बरगदवा, ठूठीबारी और निचलौल के थानों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि सभी चेक पोस्ट सक्रिय हो गए हैं। जिले में अचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आचार संहिता का उल्लंघन करने पर चार वाहनों का चालानः आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पनियरा थाना क्षेत्र में वाहनों पर विभिन्न पार्टियों का स्टीकर लगाकर चलना चार वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। पनियरा पुलिस ने आचार संहिता के उल्लंघन में कार्रवाई करते हुए चारों वाहनों का चालान काट दिया। साथ ही चेतावनी देकर छोड़ा कि अगली बार मनमानी करने पर वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। पनियरा नगर पंचायत में पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान वाहन स्वामी सुरेश सिंह की गाड़ी पर आम आदमी पार्टी का स्टीकर पाए जाने पर पुलिस आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए उसका चालान काट दिया। समाजवादी पार्टी के दो समर्थकों रामबचन और रमजान के अलावा भाजपा समर्थक दुर्गविजय सिंह की गाड़ी का भी चालान कर दिया गया। थानेदार रामाज्ञा सिंह ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# पंचायत रिसोर्स सेंटर में कोविड की नियमित समीक्षा सम्पन्न

कुशीनगर। जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में कोविड की नियमित होने वाली समीक्षा बैठक जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में संपन्न की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम टीकाकरण, कांटेक्ट ट्रेसिंग की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी पहलुओ पर चर्चा की, उन्होंने सेकेंड डोज हेतु मो0 न0 ट्रेस न होने वाले के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिए, साथ ही उन्होंने वेक्सिनेशन सहित कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के सम्बंध में प्रत्येक दिन की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने टीकाकरण सहित सैंपल, कांटेक्ट ट्रेसिंग के एवरेज बढाने हेतु सभी को ध्यान केंद्रित कर कार्य करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निगरानी समितियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में टीकाकरण में लापरवाही बरती जा रही है उन सबके प्रबंधकों पर कार्यवाही की जाय। उन्होंने इसी प्रकार जिला पूर्ति अधिकारी को भी निर्देश दिया कि कोटेदारों के माध्यम से राशन वितरण के दौरान टीकाकरण होने का प्रमाण अवश्य देख लिया जाय। उन्होंने सेकेंड डोज नही लेने वाले व्यक्तियों की सूची उपलब्ध कराने हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए। समीक्षा दौरान आर0 टी0 पी0 सी0 आर0, एंटीजन टेस्टिंग कंटेनमेंट जोन, आदि की जानकारी लेते हुए बूस्टर डोज के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसी क्रम में बूस्टर डोज का प्रथम टीका कोविड कमांड कंट्रोल रूम में ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एस0 के0 वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी अभय यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय, जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार, एवं स्वास्थ्य विभाग तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में प्रभारी अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

## ’सकुशल एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध-डीएम

कुशीनगर ।विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी कुशीनगर एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में जनपद के प्रभारी अधिकारियों की बैठक आज कलेक्ट्रेट के सभागार में सम्पन्न हुयी। जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। यदि आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी प्रकार से होता पाया जाये तो आयोग के निर्देशों के अनुसार संबंधित के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लायी जाये। उन्होंने स्पष्ट किया जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। एमसीसी टीम में लगे हुए सभी प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी गण निर्धारित समय अवधि के भीतर समस्त होर्डिंग आदि हटवाने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित कर लें।' 'उन्होंने सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद कुशीनगर में छठे चरण में चुनाव होना है इसलिए सभी अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि सभी के द्वारा अपने अपने कार्य के संबंध में तत्काल कार्यवाही प्रारंभ करते हुए अपने कार्य को पूर्ण किया जाए ताकि चुनाव के दौरान समस्त चुनाव के कार्य आयोग की मंशा के अनुरूप समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने जनपद में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य तथा वोटिंग प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने के संदर्भ में विभिन्न स्तर की कार्यवाही भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।' 'उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों के द्वारा सभी कार्य आयोग के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संपन्न किए जाएंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारी गण चुनाव के सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्ष होकर संपन्न करेंगे। प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी गण संयुक्त रूप से अपने अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की दिशा में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक , संयुक्त मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा, अपर जिला अधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवी दयाल वर्मा, सभी उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी कृष्ण कुमार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे।

# सोनभद्र को भद्र बनाने के लिए वचनबद्ध है टीम50: सुनील त्रिपाठी

## स्वच्छ छवि के जनप्रतिनिधियों के चुनाव टीम 50 की प्राथमिकता

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर महुआंव पाण्डेय में टीम50 की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता टीम50 के संरक्षक राम अनुज धर द्विवेदी ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राम अनुज धर द्विवेदी ने संगठन के विस्तारीकरण को लेकर टीम को उचित दिशानिर्देश देते हुए कहा कि टीम50 आने वाले समय मे सोनभद्र के स्थानीय मुद्दों पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगी एवं जनहित के समस्याओं पर अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगी और स्थानीय मुद्दों शिक्षा चिकित्सा एवं रोजगार जैसे विभिन्न मुद्दों पर कार्य करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी। वही टीम50 संस्थापक सदस्य एवम नेतृत्व कर्ता सुनील त्रिपाठी ने विचार रखते हुए कहा कि टीम50 सोनभद्र की आवाज बनकर सोनभद्र को उसके नाम की गरिमा को बचाने के काम करेगी और सोनभद्र को भद्र बनाने की दिशा में उचित प्रयाश करेगी जिससे सोनभद्र की मूलभूत समस्याओं शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं के लिए भविष्य में काम करेगी।वही टीम50 के लोकेश उपाध्याय व अनुराग पांडेय (विक्की) ने आने वाले 2022 के विधान सभा चुनावों में साफ व स्वच्छ छवि के जनप्रतिनिधियों का चयन कर ऐसे जनप्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करेगी जिनका उद्देश्य धनोपार्जन न होकर समाज का उत्थान और जनपद के विकास हो। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किया और संगठन को प्रभावी बनाने की दिशा में उचित कदम उठाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नीतीश कुमार चतुर्वेदी, अनुराग पांडेय (विक्की), लोकेश उपाध्याय, दीपक पंडित, अनुराग पांडेय (बंटी), सुनील त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।



## बाइक सहित दो श्रमिक नदी में गिरे एक की मौत एक गम्भीर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। रविवार की रात एनटीपीसी रिहंद परियोजना से कार्य कर वापस अपने घर बाइक से लौटते वक्त दो श्रमिक बकरिहवा स्थित ठुरकी नदी में गिर गए। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह चपकी थाना बभनी निवासी सुदामा व रामलगन बाइक से बीजपुर प्लांट में काम करने आये थे काम खत्म होने के बाद रात में जब वो वापस अपने घर जा रहे थे तो बारिश की वजह से अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बकरिहवा के पास ठुरकी नदी में जा गिरी जिसमे सुदामा की मौत हो गयी वही रामलगन को गम्भीर चोटे आयी राहगीरों ने मामले की सूचना बभनी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नदी से बाहर निकाल चिकित्सालय भेज दिया।

## गरीबों को कम्बल व भोजन का पैकेट दिया

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज स्थित दंडइत बाबा मंदिर परिसर में रविवार की देर शाम ठंड से बचाव के लिए गरीबों में कम्बल एवं भोजन पैकेट का वितरण किया गया। यह वितरण आचार्य रवि मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी प्रीति मिश्रा के सौजन्य से किया गया। महंत मृतुन्जय त्रिपाठी एवं उनकी धर्मपत्नी संध्या त्रिपाठी के साथ ही पंडित महेश मिश्र ने भी गरीबों को कम्बल एवं भोजन का पैकेट वितरित किया। जिसे पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान दिखी। गरीबों ने धन्यवाद देते हुए कहा कि कड़ाके की पड़ रही ठंड से निजात पाने के लिए सही समय पर कम्बल मिल गया।

## जाति बदलकर आवास दिए जाने की शिकायत डीएम से

दैनिक बुद्ध का संदेश

शाहगंज/सोनभद्र। घोरावल ब्लाक के ग्राम पंचायत ढुटेर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की सूची में हेरफेर कर पात्र व्यक्ति को लाभ से वंचित कर दिया गया है, इसकी शिकायत भुक्तभोगी राकेश ने जन शिकायत पोर्टल पर जिलाधिकारी से की है उन्होंने बताया है कि उक्त आवास योजना की सत्यापन सूची में राकेश पुत्र ज्ञानदास का नाम पात्रता जांच के पश्चात पंजीकृत हुआ था, जिसका पंजीयन संख्या आईडी– 123435665 हैं, यही नहीं इसकी जांच संबंधित ग्राम विकास अधिकारी हेमंत कुमार द्वारा फोटोग्राफी और भौतिक सत्यापन भी किया गया था, किंतु फाइनल सूची में जाति बदलकर दूसरे लोगों को पात्र दिखाकर मेरा नाम गायब कर दिया गया है, जिससे पात्र होते हुए भी प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हो गया है, ऐसी दशा में भुक्तभोगी राकेश ने जिलाधिकारी से इस मामले की जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पीएम आवास सूची में नाम शामिल कराने की मांग की है।

## पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू के हत्याकांड के पटाक्षेप पर दी बधाई– बलरामपुर विकास मंच

दैनिक बुद्ध का संदेश



बलरामपुर। तुलसीपुर के पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की जिस तरीके से नृशंस पूर्ण हत्या की गई थी और जिसे लेकर पूरे जनपद में एक सन्नाटा सा हो गया था आम बुद्धिजीवियों में यह बात धार करती जा रही थी की क्या अब सीधे–साधे समाज सेवी प्रधान प्रतिनिधियों चेयरमैन फिरोज पप्पू जैसे कितने लोगों की हत्या होती रहेगी परंतु पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल की तत्परता व कुशल निर्देशन में जिस तरह ते एक हफ्ते के भीतर इस हाईप्रोफाइल मामले का स्थानीय पुलिस ने पटाक्षेप किया है इसके लिए पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल सीओ सिटी बलरामपुर वरुण मिश्रा सीओ उतरौला उदय राज सिंह व सीओ तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव के मेहनत रंग लाई पूरे प्रकरण में पुलिस ने सभी तकनीकी और उसके विशेषज्ञों से तालमेल बनाते हुए घटना के तह तक पहुंचने में कामयाब रहे इस पर बलरामपुर विकास मंच के संयोजक अध्यक्ष घनश्याम मिश्र व बृजेश चौहान ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को बधाई दी।

# दादा चौराहा बकरिहवा ने जीता 18वा अंतरराज्यीय बालीबाल प्रतियोगिता का खिताब

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। संघर्ष फ्रेंड्स क्लब बकरिहवा के तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय 18वी अंतरराज्यीय बालीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दादा चौराहा बकरिहवा ने लीलाडेवा को 3 के मुकाबले 1 सेट से जीत लिया। दो दिनों से चल रहे मुकाबले में उ.प्र.,म.प्र., छत्तीसगढ़ से कुल 24 टीमो ने प्रतिभाग किया जिसमे लीग और क्वाटर फाइनल के कांटे पुर्ण संघर्ष के बाद चुनार, दादा चौराहा बकरिहवा, जेएमडी दिल्ली और लीलाडेवा सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाबी हुए। बेस्ट आफ थ्री सेमीफाइनल का पहला मुकाबला दादा चौराहा बकरिहवा और चुनार के बीच खेला गया। जिसमें दादा



चौराहा बकरिहवा ने चुनार को 25–11, 25–14 से हराया। दूसरे मुकाबले में लीलाडेवा ने जेएमडी दिल्ली को 12–25,25–22,25–11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले के समापन में विशिष्ट अतिथि मानसिंह गोड़ ब्लाक प्रमुख और जनकधारी सिंह गोड़ ,जिला पंचायत सदस्य किरबिल ने दोनों टीमो की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच प्रारंभ कराया। दादा चौराहा बकरिहवा ने लीलाडेवा को 25–16,25–23,25–215 जीतकर खिताब अपने नाम किया। निर्णायक की भूमिका में रविन्द्र नाथ दुबे,हरीश शर्मा प्रवीण सिंह, विनोद सिंह, कैलाश यादव कमेंटेटर भागवत व रामचरण और स्कोरर की भूमिका विनोद कुमार अयाम ने निभाई। इस मौके पर संघर्ष फ्रेंड्स क्लब के संरक्षक डॉ रामप्रसाद गोड़ रामअवध प्रधान प्रतिनिधि अंजानी, प्रबन्धक बृजेश कुमार सिंह, प्यारेमोहन प्रधान प्रतिनिधि संेदुर, अध्यक्ष मनीराम गुप्ता, उपाध्यक्ष श्याम लाल, रामनरेश प्रजापति, ग्राम प्रधान खम्हरिया इजाजत शेख, ग्राम प्रधान पिण्डारी रामसजीवन सहित समिति के समस्त खिलाड़ी व भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# अंततः पूर्व सांसद रिजवान जहीर हुए गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अंतरू वही हुआ जो लोगों के दिलों में था कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देशन मैं जनपद पुलिस को हाई प्रोफाइल मामले में बड़ी सफलता हासिल हुई बताते चलें की विगत 4 जनवरी को रात्रि 10. 30 बजे को फिरोज पप्पू की हत्या घर के पास ही कर दी गयी थी जिसे लेकर जनपद में एक ठहराव सा आ गया था पुलिस ने शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश करने की बात कही थी पुलिस सूत्रों के मुताबिक 4 जनवरी 2022 को तुलसीपुर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन फिरोज पप्पू की हत्या कर दी गई थी जिसकी रिपोर्ट फिरोज के भाई अफरोज द्वारा थाना तुलसीपुर में दर्ज कराई गई थी जिसकी जांच की कमान स्वयं पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के हाथ में थी इस जांच में स्थानीय पुलिस ने सभी तकनीकी ओं का सहारा लेते हुए हत्यारोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई जिन लोगों की अब तक गिरफ्तारी हुई है



उनमें पूर्व सांसद रिजवान जहीर उनकी बेटी जेबा रिजवान व दामाद रैमीज के साथ मेराज उल हक उर्फ मामा व महफूज पुत्र अब्दुल हासीम के साथ ही शकील पुत्र मोहम्मद याकूब का नाम सामने आया है वही आम जनों में इस गिरफ्तारी को लेकर तरह–तरह के कयास लगाए जा रहे हैं तो वही खासकर अल्पसंख्यक वर्ग के लोग इस बात पर बिल्कुल यकीन नहीं कर रहे हैं इस बिच मेएक पत्रकार को बयान में जेबा ने बताया कि हम पूरी तरह निर्दोष है हमें फंसाया जा रहा है मामला जो भी है पुलिस ने घटना का पटाक्षेप तो कर दिया अब मामला न्यायालय के पाले में है।

# बाबा शर्मा धांगर बने अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी के जिला इकाई सोनभद्र के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य की अध्यक्षता में रावट्र्सगंज में सम्पन्न हुई। इस दौरान बाबा शर्मा धांगर को जन अधिकार पार्टी अनुसूचित प्रकोष्ठ के जनपद सोनभद्र का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने नियुक्ति पत्र देते हुए माला पहनाकर कर व जन अधिकार पार्टी का गमछा भेट कर स्वागत किया। बैठक में बिधानसभा रावट्र्सगंज को 06 जोन एवं 39



सेक्टर में बाटकर बूथ गठन एवं बिधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर जोन प्रभारियों एवं जिला इकाई व बिधानसभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष डा0 भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि 2022 का चुनाव जन अधिकार पार्टी के वजूद के साथ साथ हिस्सेदारी एवं भागीदारी का चुनाव है, जिसके लिए कार्यकर्ताओ को जीजान से मेहनत करने की जरूरत है। प्रत्यासी चाहे जो हो कार्यकर्ताओ को यह मानकर चुनावी महासमर में उतरना है कि चुनाव जन अधिकार पार्टी लड रही है। रावट्र्सगंज विधानसभा प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य ने कहा कि 2022 में जन अधिकार पार्टी के बिना किसी की सरकार नही बनेगी । सरकार चाहे किसी की बने लेकिन नकेल जन अधिकार पार्टी के हाथों होगी। बैठक में मुख्य रूप से महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रानी सिंह, संजय कुमार मौर्य, अनिरुद्ध कुमार गुप्ता, भगवान, सविता देवी, अनुरुद्ध सिंह, लक्ष्मण सिंह, नागेश्वर मौर्य, जय सिंह, शिवनरायन मौर्य मौजूद रहे।

# चोपन ने वाराणसी को हरा कर अगले चक्र में किया प्रवेश

## विनीत पाण्डेय बने मैन ऑफ द मैच



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर खेल मैदान पर श्री स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हो रहे 18वा अंतराज्यीय ड्यूज क्रिकेट टूनामेंट के छठवे दिन का मुकाबला बारिश होने के कारण रविवार के दिन रदद् कर सोमवार को वाराणसी व चोपन के बीच खेला गया टॉस जीत कर चोपन की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फैसला किया पहले बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी की टीम ने 15 ओवरों में सभी विकेट खो कर मात्र 64 रनों पर ऑल आउट हो गयी वाराणसी की ओर से आशीष ने 21 बाल पर 19 रनों का सर्वाधिक योगदान अपने टीम के लिये दिया तथा लक्षमण ने 10 रन ही बना चलता हो गए चोपन की ओर से बॉलिंग कर रहे विनीत पांडेय ने चार ओवरों में 8 रन खर्च कर के चार विकेट लिए राज नायक 2.4ओवरों में 12 खर्च कर के तीन विकेट लिये रनों का पीछा कर रही चोपन की टीम चार विकेट के नुकशान पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया चोपन के बल्लेबाज अक्षय ने 12 गेंद पर 29 रन बनाए वाराणसी के बॉलर हैदर ने 2 ओवरों में 18 रन खर्च कर के तीन विकेट लिया मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार भाजपा मण्डल मंत्री म्योरपुर चन्द्र भूषण मिश्रा के हाथों चोपन के खिलाड़ी विनीत पाण्डेय को दिया गया मुख्य निर्णायक की भूमिका शमसाद अली व रंजीत जायसवाल ने निभाई तथा कमेंटेटर रितेश जायसवाल व बाबा रहे स्कोरर की भूमिका आशीष अग्रहरि ने निभाई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, कोषध्यक्ष अफजल अंसारी, मीडिया प्रभारी पंकज सिंह, राजन गुप्ता, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी श्रुति द्वारा मतदान केंद्र भारतीय



इंटर कॉलेज उतरौला, मो० उस्मानिया इंटर कॉलेज उतरौला, उच्च प्राथमिक विद्यालय गडरहिया का निरीक्षण किया गया। इन सभी मतदान स्थलों पर 6 या अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिलाधिकारी द्वारा मतदान केंद्र पर सभी बूथों के लिए अलग–अलग प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार बनाए जाने निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मतदान बूथ पर मूलभूत सुविधाओं शौचालय, पेयजल, विद्युत, फर्नीचर, रैम्प आदि का जायजा लिया गया तथा मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन सैनिटाइजर, मास्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी उतरौला संतोष कुमार ओझा, तहसीलदार उतरौला, अधिशासी अधिकारी उतरौला उपस्थित रहे।

## राजनैतिक दलों की उपस्थिति में डेमो रेंडमाइजेशन संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत



कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलो की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवीपैट का डेमो रेडमाइजेशन कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर ईवीएम एवं वीवीपैट द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रथम एवं द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा उनके समक्ष डेमो रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारीश्रुति, एसडीएमधरिटर्निंग ऑफिसर बलरामपुर राजेंद्र बहादुर, एसडीएमधरिटर्निंग ऑफिसर तुलसीपुर मंगलेश दुबे, अपर एसडीएम ओमप्रकाश, अपर एसडीएम तुलसीपुर, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, वीवीपैट निलेश प्रताप सिंह, सहायक प्रभारी अधिकारी ईवीएम, वीवीपट तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## सांसद ने विधानसभा चुनाव में टिकट मिलने में रोड़ा बनने पर करवाई थी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज की हत्या

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज अहमद उर्फ पप्पू की हत्या का खुलासा कर दिया गया है। उसकी हत्या



राजनीतिक कारणों से करवाई गई थी। मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बलरामपुर के तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद उर्फ पप्पू की हत्या का खुलासा छठवें दिन पुलिस ने कर दिया है। फिरोज की हत्या पूर्व सांसद रिजवान जहीर ने राजनीतिक कारणों से करवाई थी। मामले में बाहुबली पूर्व सांसद रिजवान जहीर, उनकी बेटी जेबा रिजवान और दामाद रमीज सहित पुलिस ने कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। तीन लोगों को तुलसीपुर थाने में तथा तीन लोगों को ललिया थाने में रखा गया है। पुलिस आरोपियों का मेडिकल परीक्षण करा रही है। थोड़ी देर में एसपी मामले का खुलासा करेंगे।यह बताया जा रहा है कि पूर्व सांसद ने राजनीतिक रसूख के लिए फिरोज की हत्या कराई है। फिरोज उनकी बेटी के टिकट पाने की राह में रोड़ा बन रहे थे। पूर्व सांसद तथा उनके परिजनों ने साजिश कर भाड़े के हत्यारों से पूर्व अध्यक्ष की हत्या कराई है।

## पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया पैरामिलिट्री फोर्स के रुकने के स्थानों का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आगामी विधानसभा चुनाव–2022 के मद्देनजर फोर्स



के ठहराव की व्यवस्था का पुलिस उप महानिरीक्षकध पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा थाना राबर्ट्सगंज क्षेत्र के आर0आर0 पॉलीटेक्निक कॉलेज हिन्दुआरी रा0गंज, ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय रा0गंज तथा श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इण्टर मीडिएट कॉलेज रा0गंज सोनभद्र में पैरामिलिट्री फोर्स के ठहरने हेतु मूलभूत सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

# आगामी 15 जनवरी तक कोई भी जनसभा या रैली किया जाना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा : जिलाधिकारी

सीतापुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ द्वारा विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2022 के अन्तर्गत पडने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशरू 145. महोली, 146.सीतापुर, 147. हरगांव, 148.लहरपुर, 149.बिसवां, 150.सेवता, 151.महमूदाबाद, 152. सिधौली, 153.मिश्रिख के सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु कार्यक्रम नियत किया गया है। जनपद में चतुर्थ चरण में मतदान सम्पन्न कराया जायेगा। निर्वाचन की अधिसूचना 27 जनवरी 2022 को जारी की जायेगी। नाम निर्देशन हेतु अन्तिम दिनांक 03 फरवरी 2022 निर्धारित किया गया है। नाम निर्देशनों की जांच 4 फरवरी 2022 को की जायेगी तथा 07 फरवरी तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। 23 फरवरी 2022 दिन बुधवार को मतदान कराया जायेगा तथा 10 मार्च 2022 को मतगणना करायी जायेगी। 12 मार्च 2022 वह दिनांक निर्धारित किया गया है जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण करा लिया जायेगा। उपरोक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि रैली हेतु चिन्हित स्थानों पर निर्धारित क्षमता से 50 प्रतिशत लोग ही प्रतिभाग कर सकेंगे। कोविड प्रोटोकाल का पूर्णतया अनुपालन सभी गतिविधियों में कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल वैलेट से मतदान का भी विकल्प प्राप्त होगा। जिसके लिये आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही पोलिंग बूथों को दिव्यांगजनों एवं वृद्ध वोटरों के लिये अनुकूल बनाये जाने के लिये भी समुचित प्रबंधा किये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही हैं जो मतदान को प्रभावित कर सकते हैं। शस्त्रों को जमा करने की कार्यवाही भी नियमानुसार करायी जा रही है। क्रिटिकल बूथ का चयन किये जाने की कार्यवाही संबंधित सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि नामांकन हेतु आनलाइन नामांकन की सुविधा भी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उपलब्ध रहेगी। जिलाधिकारी ने प्रशासन द्वारा किये गये अन्य प्रबंधों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन से संबंधित कार्यों को सम्पन्न कराया जायेगा। प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक आर0पी0 सिंह ने पुलिस के प्रबंध के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। प्रेसवार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी उप निर्वाचन अधिकारी राम भरत तिवारी ने निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 5 जनवरी 2022 को किया जा चुका हैं। जिसके अनुसार जनपद में कुल 3870 पोलिंग बूथ तथा 2403 पोलिंग स्टेशन हैं। जनपद में कुल 3870 बी0एल0ओ0 तथा 375 सुपरवाईजर तैनात हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 3125937 हैं। जिसमें 1669251 पुरूष मतदाता तथा 1456512 महिला मतदाता तथा 174 अन्य मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये 325 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 32 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा0 राजीव दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एन0पी0 सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के किए गए कार्यों से आम जनमानस में खुशी का माहौल

सीतापुर। क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष श्याम पाल सिंह के आवास पर एक क्षत्रिय समाज की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें क्षत्रिय समाज के विभिन्न नेताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए तथा आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव पर विचार हुआ। क्षत्रिय समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से एक स्वर में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के किए गए कार्यों से आम जनमानस में खुशी का माहौल है। समाज के गरीब वर्गों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं से सरकार के प्रति आम जनमानस का विश्वास बढ़ा है। बैठक में श्याम पाल सिंह ने कहा कि सीतापुर में छत्रिय समाज ने 2014, 2017 तथा 2019 के चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए बढ़.चढ़कर पूरी ताकत के साथ कार्य किया। भाजपा नेतृत्व द्वारा विगत चुनाव में सामाजिक प्रतिनिधित्व को दृष्टिगत रखते हुए कुर्मी समाज ब्राह्मण समाज राठौर समाज मौर्य समाज यादव समाज एवं दलित समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने का कार्य किया। परंतु खेद का विषय है कि बहुत बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज द्वारा भाजपा को वोट देने के बावजूद भी आज तक पार्टी में क्षत्रिय समाज का प्रतिनिधित्व सुननी है। जबकि ब्राह्मण समाज के दो विधायक एक शिक्षक एमएलसी एक नव मनोनीत एमएलसी कैबिनेट मंत्री देसी बीएफ चेयरमैन एक झूठ संघ अध्यक्ष सीतापुर शहर से नगर पालिका के चेयरमैन के प्रत्याशी के रूप में तथा दो कुर्मी समाज से सांसद एक विधायक एक स्नातक एमएलसी डीटीडीएस चेयरमैन हैं। इसके अतिरिक्त समय समय पर पार्टी द्वारा मनोनीत किसी भी महत्वपूर्ण पद पर क्षत्रिय समाज के किसी भी व्यक्ति का समायोजन नहीं किया गया है। जिससे क्षत्रिय समाज एवं निराश है तथा समाज का प्रतिनिधित्व ना होने पर चिंता व्यक्त की।

# आवारा पशु फसलों को कर रहे नष्ट, प्रशासन मौन

इमलिया सुल्तानपुर (सीतापुर)। गोवंश पकडने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी आवारा पशु खेतों की फसल नष्ट कर रहे हैं। जिसको को लेकर प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं। बताया जा रहा है टिकवापारा रामपुर में किसानों ने आवारा पशुओं के बारे में प्रशासन वा प्रधान को भी अवगत करा दिया गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई भी सुनवाई नहीं की। जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने करीब 70 से 90 जानवरों को ग्राम पंचायत टिकवापारा रामपुर के मजरा दोस्तपुर बाड़ा में बंद करने जा रहे थे। जंहा प्रधान के द्वारा बाड़ा बनवाया गया था। वहां करीब 25 साल से बाबा नेकराम ने आश्रम बना रखा है और चारों तरफ से तार भी लगा रखा है। जिसमें प्रधान ने बाड़ा बनवा दिया और जब ग्रामीण आवारा पशुओं को लेकर बाड़ा में पहुंचे तब बाबा नेकराम ने विरोध जाहिर किया। जबकि मामला पूरे ग्राम पंचायत का है। लेखपाल से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया दो से तीन दिन में ब्यावस्थित कर दिए जाएंगे।

# बाघ की आहट, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरदोई। इलाके के अकोढा गाँव के पास खेतो मे शुवह बाघ के पंजों निशान दिखाई दिए ,साथ ही रक्त रंजीत एक सियार का शव भी बरामद किया गया। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई।सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम द्वारा काबिंग की जा रही है। पाली थाना क्षेत्र के अकोढा गाँव मे दक्षिण दिशा की ओर खेतों की तरफ बने शिव मंदिर से तकरीबन 200 मीटर की दूरी पर लेखराज के खेत मे सुबह खून से लथपथ एक सियार का शव बरामद किया गया। पास में ही प्रभात, राम मोहन, सतीश ,नवीन के आलू के खेत में बाघ के पंजे के निशान देखकर ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।अपने पूरे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे पाली थाना अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने वन विभाग के शाहाबाद रेन्जर एसपी कुरील को घटना से अवगत कराया। वन विभाग की टीम पहुंचने के बाद सर्च अभियान शुरू किया गया। रेंजर कुरील के मुताबिक,बाघ के पंजे के निशान 56 घंटे पुराने हैं, यह उत्तर से दक्षिण दिशा गया हुआ है। बाघ एक रात में औसतन 10 किलोमीटर दूरी तक जा सकता है।उन्होंने बताया कि हो सकता है बाघ शाहजहांपुर या बदायूं की सीमा में प्रवेश कर चुका हो।मौके पर पंजों की भी नाप की गई जो 15 सेंटीमीटर लंबा है 14 सेंटीमीटर चौडा है जिसे नर बाघ के होने का अनुमान लगाया जा रहा है फिलहाल पुलिस और वन विभाग का सर्च अभियान जारी है।

# टीकाकरण का मिलान अधिकारियोन/कर्मचारियों की आईडी से अवश्य करा लेंः अविनाश कुमार

हरदोई।आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 एवं कोरोना की तीसरी लहर की गम्भीरता के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागों के अधिकारियोंध्कर्मचारियों की कराये गये कोविड टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जिला विकास अधिकारी से कहा कि जिन विभागों से अधिकारियोंध्कर्मचारियों की टीकाकरण आख्या प्राप्त हो रही है।उनका मिलान उनकी आईडी नम्बर से अवश्य करा लें ताकि यह स्थिति साफ हो सके कि किसी विभाग के कितने अधिकारियोंध्कर्मचारियों ने कोविड की प्रथम डोज ली और कितने लोगों ने दूसरी डोज ली है। बैठक में जिलाधिकारी ने पशु, वन, पूर्ति, डाक, शिक्षा, आदि विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थित एवं टीकाकरण आख्या न उपलब्ध कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा टीकाकरण आख्या सायं तक नहीं उपलब्ध कराई जायेगी उन विभागाध्यक्षों का वेतन रोक दिया जायेगा। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश है कि निर्वाचन में डियुटी करने वाले समस्त अधिकारियोंध् कर्मचारियों को कोविड की दोनो डोज अवश्य लगी हो। बैठक में जिला विकास अधिकारी एपी सिहं, ओपी तिवारी, डीडी कृषि डा नन्द किशोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तम संयोजक, अभिनव जिला उपाध्यक्ष

सीतापुर। अयोध्या में चल रही दो दिवसीय प्रांत योजना बैठक में नवीन दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें पूर्व में लखनऊ विभाग के विभाग संयोजक रह चुके उत्तम को प्रांत सह संयोजक बजरंग दल, कृतार्थ मिश्र को विभाग सह मंत्री ,अभिनव शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष अनुज भदोरिया को जिला संयोजक व दीपक त्रिवेदी को जिला सह संयोजक के रूप में की गई सभी ने संगठन के मूल मंत्र धर्मो रक्षति रक्षितरू को साक्षी मान कर संगठन की गति तो तेजी देने का संकल्प लिया। नए कार्यकर्ताओं के जुडने और सीतापुर को प्रांत सह संयोजक मिले से कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया।

# चौकीदार की लाठी डडे से पीटकर हत्या,मचा कोहराम

कानपुर देहात। डेरापुर के मुंगीसापुर में एक चौकीदार की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। परिवार गांव के एक व्यक्ति पर ही शक जता रहा जिससे रंजिश चल रही थी। फील्ड यूनिट की टीम ने एकत्र किये साक्ष्य हथूमा निवासी सत्यम कटियार पशुपालन किए हैं। जहां गांव के ही पप्पू वाल्मीकि (50) चौकीदार हैं। देररात वह बाहर की तरफ वहां सो रहे थे। उसी समय अज्ञात लोग आए और लाठी डंडे से बुरी तरह से पीट पीटकर हत्या कर दी। आवाज सुनकर अंदर की तरफ सो रहे सत्यम आए लेकिन तब तक हत्यारे भाग चुके थे। पप्पू के परिवार को इसकी जानकारी दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना पर सीओ शिवा ठाकुर,थाना प्रभारी अखिलेश कुमार टीम संग पहुंचे। भाई सुनील ने गांव के एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगाया और कहा कि उससे एक वर्ष पहले से रंजिश चल रही। उसने ही साथियों संग हत्या की है। सत्यम ने पुलिस को बताया कि चीखने की आवाज पर वह बाहर आया तो अंधेरे में कोई भागता नजर आया पर संख्या कितनी थी यह समझ नहीं आया। वहीं फील्ड यूनिट की टीम पहुंचीं और साक्ष्य एकत्र किए। पुत्र शिवम, भाई लल्ली व अन्य का रोकर बुरा हाल हो गया। सीओ ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही। एक टीम राजफाश को लगाई गई है।

# गिरी छत, बाल–बाल बचा परिवार

तम्बौर (सीतापुर)। थाना इलाके के ग्राम दतुनी में रात बारिश में छत गिर गयी। कमरे में परिवार लोग सो रहे थे। गनीमत रही हादसे से कुछ देर पहले ही परिवार कमरे से निकल कर बाहर सोया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना इलाके के ग्राम दतुनी निवासी उमेश पुत्र गजोधर बीवी उमा देवी समेत दोनो पुत्रो अरुण व तरुण के साथ कमरे में सो रहा था। देर रात वह कमरे से निकल कर बाहर लेट गया। उसकी बीवी व बच्चे भी बाहर लेट गए। तभी हुई बारिश के कारण कमरे की छत ढह गई। गनीमत यह रही घटना से कुछ देर पहले ही कमरे से बाहर निकले परिवार की जान बच गयी। वही छत ढहने से परिवार का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर क्षेत्रीय लेखपाल अंकुर वर्मा ने मौके ओर पहुँच कर जांच पड़ताल की।

# पुलिस कर्मी की पत्नी ने ट्रेन के आगे कूद कर की आत्महत्या

शिकोहाबाद। नगला हैंडल के पास एक महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी होते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुँची जीआरपी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई। काफी देर बाद उसकी शिनाख्त शिवा देवी पत्नी राहुल यादव निवासी नसीरपुर के रूप में हुई। पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना व गांव नसीरपुर निवासी राहुल यादव छत्तीसगढ़ पुलिस में सुकुमा थाने में पुलिस कर्मी के पद पर तैनात है। विगत कुछ दिनों से छुट्टी पर घर आया हुआ है। राहुल यादव की पत्नी शिवा यादव गांव से शिकोहाबाद पहुंची और दोपहर सवा दो बजे के करीब तेज गति से आ रही मालगाड़ी के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। महिला अपने पीछे 9 साल का बेटा कृष्णा को रोता बिलखता छोड़ गई। महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने की जानकारी होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने की जानकारी जीआरपी ने सभी थाना क्षेत्रों को दी। रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की जानकारी होते ही महिला के परिजन जीआरपी पहुंचे और शव को देख कर उसकी शिनाख्त की। इस संबंध में जीआरपी थानाध्यक्ष आरपीएफ योगेंद्र कुमार का कहना है कि महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। महिला का पति सुकमा छत्तीसगढ़ में पुलिस सेवा में तैनात हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। महिला ने किन कारणों से आत्महत्या की, इसकी जांच की जा रही है।

# आधी रात घर में घुसे युवक ने धमका कर महिला से किया दुष्कर्म

कानपुर। कानपुर आउटर के बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आधी रात घर में घुसे एक युवक ने धमका कर महिला से दुष्कर्म किया और फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने जांच की और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपित युवक को हिरासत में लिया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात पति फसल की रखवाली करने खेत पर गए थे। वह बच्चों के साथ घर में सो रही थी। आरोप है कि रात लगभग बारह बजे युवक उसके घर में घुस आया और उसे धमकाया। शोर मचाने का प्रयास करने पर उसने मुंह दबाकर जबरन दुष्कर्म किया। उसके साथ दरिंदगी के बाद युवक भागने का प्रयास करने लगा तो उसने शोर मचा दिया।उसकी चीख सुनकर जेठ व जेठानी आ गए और भागने का प्रयास कर रहे सुनील को दबोच लिया। जानकारी होते ही पति भी खेत से लौट आए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपित को कोतवाली ले गई। कोतवाली में फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। एसएसआई विमल प्रकाश ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर सुनील के खिलाफ दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है और आरोपित को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरू गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व पर पहुंचे पूर्व विधायक

सेउता (सीतापुर)। क्षेत्र के गुरुद्वारों में खालसा पंथ के संस्थापक व सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गया। पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू ने गुरद्वारे पहुंच कर मत्था टेका कर आशीर्वाद लिया। झीन बाबू ने प्रकाश पर्व के अवसर पर क्षेत्र के चिरैया गुरुद्वारा, देवरिया गुरुद्वारा, कोडरी गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर क्षेत्र के कल्याण के लिए अरदास की और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। गुरुगोविंद साहब के सम्मान में क्षेत्र के गुरद्वारों में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरदार गुरवारियाम सिंह, रामे, जगजीत सिंह, जोधा सिंह, रूपा, मोनू अवस्थी, राहुल सिंह चौहान, भगवंत सिंह, कमलेश भार्गव, ओम प्रकाश राजपूत, कैलाश पोरवाल, देशराज यादव, गया प्रसाद राजपूत, धर्मेन्द्र पोरवाल, तेजा सिंह साई आदि मौजूद रहे।

# बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसल हुई बर्वाद, मुआवजे की मांग

फिरोजाबाद। जनपद में षनिवार की सांय हुई तेज बारिष व ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्वाद हो गयी है। किसानों ने सरकार से मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

जनपद में षनिवार की सुवह से ही रूक–रूक कर हल्की पुल्की बारिष हो रही थी। अचानक सांय को अचानक से तेज बारिष के साथ ओलावृष्टि हुई। तेज बारिष व ओलावृष्टि होने से जहां षहरी क्षेत्र में आवागमन अस्त व्यस्त हो गया तो वही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खिंच गयी। नारखी क्षेत्र में अत्यधिक बारिष व ओलावृष्टि होने से यहां के किसानों की आलू, सरसों व मिर्च की फसल को भारी नुकसान हुआ है। गांव नगला चोबे निवासी किसान रामदत्त का कहना है कि बारिष व ओलावृष्टि से सात–आठ बीघा में पानी भरने से उनकी आलू की फसल को नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से मदद की गुहार लगायी है। इधर किसानों ने फसल में हुये नुकसान को लेकर जलेसर–फिरोजाबाद मार्ग जाम कर दिया। उननकी मांग थी कि उनकी जितनी फसल बर्वाद हुई है उसका सर्वे कर मुआवजा दिया जाये। जाम लगने से वाहनों की लम्बी–लम्बी कतार लग गयी। सूचना पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित प्रताप सिंह, एसडीएम, सीओ व तहसील के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने किसानों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। इसके बाद जाम खुल सका। प्रषासनिक टीम ने मौके पर जाकर नुकसान का सर्वे किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित प्रताप सिंह का कहना है कि बारिष व ओलावृष्टि के कारण नारखी क्षेत्र में आलू, सरसो व मिर्च आदि की फसल को नुकसान हुआ है। हमने व प्रषासनिक टीम ने गांव–गांव जाकर सर्वे किया है। जिलाधिकारी से भी बात की है। जिन–जिन किसानों का नुकसान हुआ है जल्द से जल्द उसकी भरपाई करायी जायेगी।

# एटीएम का ताला तोड़कर निकाले रुपये

जौनपुर। चोरों ने सीसीटीवी की आंखों में आंखे डालकर एटीएम का लॉक तोड़ कर रूपये पार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बड़े आराम से चलते बने। एटीएम फ्रेंचाइजी के संचालक ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। नगर के पुरानी बाजार मोहल्ला निवासी सुफियान शेख पुत्र मो. फैय्याज शेख ने आजमगढ़ रोड स्थित महिला अस्पताल के सामने हिटाची कम्पनी की फ्रेंचाइजी लेकर एटीएम लगा रखा है। सुफियान .सायं नमाज पढ़ने चला गया। इसी दौरान तीन की संख्या में आये चोरों ने एटीएम का लॉक तोड़ कर लगभग आठ से 10 हजार रुपये पार कर आराम से चलते बने। नमाज से लौटने पर देखा तो एटीएम का लॉक टूटा था। सीसीटीवी का फुटेज देखकर घटना की जानकारी हुई। भुक्तभोगी ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। फिलहाल हिटाची कम्पनी के कर्मी ही बैलेंस शीट देखकर बता सकते हैं कि कुल कितना रूपया चोरों ने पार किया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्या ने बताया कि सीसी टीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

# ग्राम लाल मवई में हुई हिन्दू युवा वाहिनी हिन्दू जनजागरण बैठक

उन्नाव। आज सफीपुर ब्लॉक के ग्राम लाल मवई में हिन्दू युवा वाहिनी और विश्व हिंदू महासंघ की हिन्दू जन बैठक आयोजित हुई।मण्डल प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिन्दू समाज के विरुद्ध हिन्दू द्रोही व देश द्रोही ताकतें तरह तरह के षड्यंत्र रचने में जुटी हैं ऐसे में समाज को एकजुट होकर एक दिशा में एक साथ चलने की आवश्यकता है साथ ही समाज को अपने घटते हुए जनसंख्या अनुपात पर भी गंभीरता पूर्वक चिंतन करने व उसमें सुधार करने की आवश्यकता है। जिला प्रभारी मनीष चन्देल ने ग्रामीणों से गांव में एक मन्दिर चिन्हित कर सप्ताह में एक दिन व समय निश्चित कर सामूहिक आरती चालीसा पाठ आदि करने की आदत डालने तथा राष्ट्रवादी ताकतों के साथ मजबूती से खड़े होने का आहवान किया। इस अवसर पर विहिम जिलाध्यक्ष विनोद शर्मा, हियुवा जिला मंत्री सचिन राजपूत, ग्राम प्रधान अरविंद कुशवाह, उमर प्रधान अरविंद कुशवाह, तहसील प्रभारी रामप्रकाश कुशवाह, अवधेश गौतम, अजय कुमार, सुधीर विश्वकर्मा, आशीष द्विवेदी, अजीत विश्वकर्मा, पन्नालाल, देव किशन लोधी, महेश, दयाराम, प्रेम चन्द्र विश्वकर्मा, जगत नारायण गौतम, नन्हकू गौतम, ललित शुक्ला, फूलचन्द्र कनौजिया, महादेव, जितेंद्र दुबे, आदेश कुमार, रामशरण गौतम आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# बाजू की अतिरिक्त चर्बी से छुटकारा दिला सकती हैं ये एक्सरसाइज



बाजू में जमा अतिरिक्त चर्बी आपके शरीर की बनावट को काफी प्रभावित कर सकती है, इसलिए आपको इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बाजू की अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए आप कुछ एक्सरसाइज अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। आइए आपको कुछ ऐसे ही एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो बाजू की अतिरिक्त चर्बी को कम करके इसे मजबूती प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।

चेस्ट प्रेस एक्सरसाइज

सबसे पहले अपने दोनों हाथों में डंबल लेकर खड़े हो जाएं। अब आप एक बेंच पर पीठ के बल लेटें और अपने दोनों पैरों को घुटनों से मोड़कर नीचे फर्श पर रखें। इसके बाद सांस को छोड़ते हुए दोनों डंबल को ऊपर ले जाएं और हाथों को ऊपर की ओर सीधा कर लें। फिर सांस को लेते हुए दोनों डंबल को नीचे लाएं और हाथों को प्रारंभिक अवस्था में जमीन पर रखें। ऐसे दो से तीन सेट पूरे करें।

पुश अप्स एक्सरसाइज

सबसे पहले जमीन पर पेट के बल लेट जाएं, फिर गर्दन को सीधा रखें और हथेलियों को कंधों के नीचे रखें। वहीं, पंजे जमीन से सटे हुए हों। अब हाथों पर जोर डालते हुए शरीर को धीरे–धीरे ऊपर–नीचे करें, लेकिन इस दौरान ध्यान रखें कि शरीर को नीचे लाते समय छाती जमीन से छूनी चाहिए। इसके बाद अपने हाथों को सीधा करें और 10 सेकंड इसी अवस्था में रहें, फिर वापस धीरे–धीरे नीचे आकर सामान्य हो जाएं।

प्लैंक एक्सरसाइज

सबसे पहले अपने घुटने मोड़कर जमीन पर बैठ जाएं और दोनों कोहनियों को फर्श पर टिकाकर आपस में बांध लें, फिर पैरों को फैलाकर पेट के बल लेट जाएं। ध्यान रहें कि इस दौरान आपके कंधे और कोहनियां एक ही सीध में हो। कोहनी को कसकर रखें और शरीर का भार पैरों की उंगुलियों और हथेलियों पर रखें, फिर पांच–छह मिनट इसी स्थिति में रहें। इसके बाद धीरे–धीरे एक्सरसाइज छोड़ते हुए सामान्य हो जाए।

ब्रिज एक्सरसाइज

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं। इसके बाद अपने पैरों को इस तरह से मोड़ें जिससे शरीर का निचला हिस्सा ब्रिज जैसा दिखने लगे। इस दौरान अपने दोनों हाथों को एडियों के करीब लाने की कोशिश करें। अब अपने कूल्हों को धीरे–धीरे एक मिनट तक ऊपर–नीचे करें। यह ब्रिज एक्सरसाइज का एक रेप्स है। ऐसे कम से कम पांच रेप्स करें। आप चाहें तो अपनी सुविधा के लिए सिर के नीचे एक तौलिये को लपेटकर रख सकते हैं।

## नुपुर सेनन कर रही हैं इस सिंगर को डेट

सिंगर स्टैबिन बेन और अभिनेत्री नूपुर सेनन ने न्यू ईयर ईवनिंग की एक तस्वीर शेयर की थी, इसके उपरांत दोनों के रिलेशनशिप की बातें होने लगे है. सोशल मीडिया पर कई लोगों



का बोला है कि दोनों ने अपने तरीके से फोटो के अम्ब्यम से हिंट देते हुए रिलेशनशिप को आधिकारिक तौर पर बता दिया है. वहीं, सिंगर स्टैबिन बेन का बोला है कि दोनों ने कोई रिलेशनशिप ऑफिशियल नहीं किया है. पोस्ट में कहीं भी ये नहीं लिखा है कि वे दोनों डेट कर रहे हैं.

पोस्ट के पीछे की सच्चाई बताते हुए स्टैबिन बेन ने बोला है कि हम दोनों ही साथ में अपने फैन्स को शुक्रिया अदा करना चाहते थे कि वर्ष 2021 में उन्होंने हमें और हमारे काम को बहुत ही ज्यादा प्यार दिया है. हालांकि, नूपुर सेनन, स्टैबिन बेन के लिए काफी स्पेशल हैं, इस बात को सिंगर ने कबूल किया है. दोनों में से कोई भी इस समय अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर किसी भी तरह की बात नहीं करना चाह रहे है.

स्टैबिन ने कहा, हम इस वक्त उस फेज में नहीं हैं, जहां हम लोगों को अपने रिलेशनशिप के बारे में बातें बनाने दें. हम चाहते हैं कि इस वकघ्त लोग केवल हमारे काम को लेकर बात करें. आने वाले तीन वर्ष हम चाहते हैं कि लोग केवल बतौर आर्टिस्ट ही जानें और इसी के बारे में बात कर रहें थे. हम अपने करियर में कितना अच्छा कर रहे हैं, इसके बारे में वे हमें बताएं. जब ये चीजें कत्म हो जाएंगी तो हम अपने रिलेशनशिप के बारे में बात करने को तैयार होंगे. लेकिन अभी नहीं.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नूपुर सेनन, अक्षय कुमार के साथ फिलहाल गाने में दिखाई दी थी. यहां से इन्होंने सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी थी. नूपुर सेनन की परफॉर्मेंस को दर्शकों ने काफी पसंद किया था. जिसके उपरांत इस गाने का दूसरा वर्जन भी आया, इसका नाम फिलहाल 2 था. आने वाले समय में नूपुर सेनन के पास बहुत काम है. वह जल्द ही कुछ नए प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनती दिखाई देने वाली है.




## 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध पर आधारित होगी सनी और अमीषा की गदर 2




2001 में रिलीज हुई गदररू एक प्रेम कथा की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। इस फिल्म ने सनी देओल और अमीषा पटेल के करियर में चार चांद लगाए हैं। आज भी दर्शक दोनों कलाकारों को इस फिल्म से जोड़कर देखते हैं। हाल में मेकर्स ने इस फिल्म के सीक्वल गदर 2 की शूटिंग शुरू की है। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म की कहानी 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गदर 2 की कहानी 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर केंद्रित होगी। एक करीबी सूत्र ने बताया, फिल्म गदर विभाजन युग के दौरान तारा सिंह और सकीना की एक प्रेम कहानी थी। अब सीक्वल के साथ निर्माता 24 साल की छलांग लगा रहे हैं, क्योंकि इसकी कहानी भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1971 के युद्ध के समय में सामने आती है।

सूत्र ने आगे बताया कि गदर में तारा (सनी), साकीना (अमीषा) को वापस लाने के लिए पाकिस्तान गए थे। इस बार फिल्म के सीक्वल में वह अपने बेटे जीते को बचाने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। वह अपने बेटे को वापस लाने की जद्दोजहद में दिखेंगे। उत्कर्ष शर्मा ने ऑरिजनल फिल्म में सनी के बेटे का किरदार निभाया था। सीक्वल फिल्म में पिता और बेटे के बीच शानदार बॉन्डिंग देखने को मिलेगी।

सूत्र ने यह भी बताया, एक पिता अपने बेटे के लिए किस हद तक जा सकता है? वह वास्तव में अपने बेटे की खुशी के लिए युद्ध के बीच में सीमा पार कर सकता है। यही गदर 2 की भावनात्मक कहानी है। उत्कर्ष अब जवान हो चुके हैं और फिल्म में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। ऑरिजनल फिल्म के मुख्य कलाकार अपने–अपने किरदारों के साथ दर्शकों के बीच आने वाले हैं।

गदररू एक प्रेम कथा एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसका निर्देशन अनिल शर्मा ने किया था। फिल्म में सनी, अमीषा और अमरीश पूरी मुख्य भूमिका में दिखे थे। यह फिल्म 1947 में हुए भारत विभाजन की कहानी पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक मुस्लिम लड़की और एक पंजाबी लड़के का प्यार सरहदों से परे जाकर अपनी मंजिल चुनता है। फिल्म में अमीषा मुस्लिम लड़की की भूमिका में थीं, जबकि सनी सरदार के किरदार में दिखे थे।

अमीषा गदर 2 से काफी समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं। उन्हें आखिरी बार फिल्म भैया जी सुपरहिट में देखा गया था। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। पिछली बार अमीषा बिग बॉस 13 में स्पेशल गेस्ट बनकर आई थीं।



## विद्युत जामवाल ने अपनी गर्लफ्रैंड नंदिता महतानी को रोमेंटिक अंदाज में किया बर्थडे विश

बॉलीवुड के हैंडसम हंक और ऐक्शन स्टार विद्युत जामवाल ने अपनी गर्लफ्रैंड को रोमेंटिक अंदाज में बर्थडे विश किया है। विद्युत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से गर्लफ्रैंड नंदिता के साथ बिताए गए कुछ मजेदार पल का एक वीडियो साझा करते हुए उन्हें बर्थडे विश किया है। विद्युत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से यह वीडियो साझा करते हुए लिखा कि, जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं मेरी प्यारी नंदिता महतानी। साझा किए गए वीडियो में विद्युत जामवाल अपनी गर्लफ्रैंड नंदिता के साथ भिन्न भिन्न जगहों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में दोनो के कई खास पल कैद हैं। वीडियो में दोनो एक दूसरे के बेहद करीब नजर आ रहे हैं। बता दें कि, विद्युत और नंदिता बीते कई सालों से लिव इन रिलेशनशिप में हैं। वे दोनो लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। बीते साल विद्युत ने नंदिता के शादी के बंधन में बंधने की बात भी कहीं थी। वे इस साल के अंत तक शादी के बंधन में बंध जाएंगे। नंदिता एक मानी जानी फैशन डिजाइनर हैं। वर्कफ्रंट की बात करे तो विद्युत आखिरी बार फिल्म सनक में नजर आए थे, दर्शको को यह फिल्म काफी पसंद आई थीं।वे फिलहाल फिल्म खुदा हाफिज चौप्टर 2 और आईबी 71 की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह दोनों फिल्में अगले साल तक रिलीज कर दी जाएंगी। उनके फैंस इन फिल्मों को लेकर काफी उत्साहित हैं। इन फिल्मों में घमासान ऐक्शन देखने को मिलेगा।

## एटकिंस डाइट फॉलो कर रहे हैं तो भूल से भी न करें ये गलतियां



एटकिंस डाइट एक लो कार्ब यानी कम कार्बोहाइड्रेट वाली डाइट है, जो वजन को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। हालांकि, कई लोग एटकिंस डाइट फॉलो करते समय अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे उन्हें वह लाभ नहीं मिल पाता जो वास्तव में डाइट से मिलना चाहिए। आइए आज आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे एटकिंस डाइट को फॉलो करते समय बचना जरूरी है।

पर्याप्त प्रोटीन का सेवन न करना

कई लोग एटकिंस डाइट फॉलो करते समय पर्याप्त प्रोटीन नहीं लेते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। प्रोटीन एक जरूरी पोषक तत्व है, जिसका आपकी डाइट में शामिल होना बहुत जरूरी है। यह शरीर की मांसपेशियों के निर्माण और ताकत को बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप एटकिंस डाइट को फॉलो करते समय अपनी डाइट में सीमित मात्रा में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

पानी के सेवन पर ध्यान न देना

एटकिंस डाइट को फॉलो करने वाले लोगों का ध्यान सिर्फ कम कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों पर होता है, जो कि गलत है। दरअसल, इस कारण उनका ध्यान पानी के सेवन पर नहीं जाता, इसलिए यह बहुत बड़ी गलती है। भले ही आप वजन नियंत्रित करने या फिर किसी भी शारीरिक समस्या से उभरने के लिए कोई भी खास डाइट अपनाएं, अपनी डाइट में पानी की पर्याप्त मात्रा को जरूर शामिल करें।

डाइट में फैट्स शामिल करते समय डरना

कई लोगों का ऐसा मानना है कि एटकिंस डाइट लेते समय फैट्स को शामिल करना सही नहीं होता है, लेकिन ऐसा करना गलत है। डाइट में सीमित मात्रा में फैट्स का होना बहुत ही जरूरी है क्योंकि अगर आपकी डाइट में फैट ही नहीं है तो इससे ये चीजें ढंग से नहीं पचती हैं। इस कारण एटकिंस डाइट का पूरा फायदा नहीं मिल पाता, इसलिए आप फैट्स युक्त खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करने से न कतराएं।

एकदम से डाइट को बदल देना

अगर आप यह सोचते हैं कि एकदम से पूरी डाइट को बदलकर एटकिंस डाइट को फॉलो करने से आपका वजन तेजी से नियंत्रित होने लगेगा तो वास्तव में ऐसा करना सही नहीं है। एकदम से डाइट को बदलने पर कई शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप शुरूआत में अपने दिन की सिर्फ एक ही मील को ही एटकिंस डाइट में बदलें, फिर धीरे–धीरे अपनी डाइट में बदलाव करें।